yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें
रोज पढ़ते हैं 2 लाख यूजर
नये जमाने के साथ..
# यश भारत
● वर्ष- 17 अंक 153- ● जबलपुर ● मंगलवार, 4 जुलाई, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● प्रथम श्रावण मास कृष्ण पक्ष प्रतिपदा ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

**आज का मौसम**
आज सुबह का तापमान
29.4 डिसे

दोपहर 12 बजे तक
31 डिसे
बूंदाबादी के आसार

### लद्दाख और कारगिल में भूकंप

नई दिल्ली, ईएमएस। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और कारगिल में मंगलवार की सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.7 मापी गई। सुबह करीब 7.38 पर लद्दाख और कारगिल से 401 किलोमीटर उत्तर में भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, मंगलवार को लद्दाख के लेह और कारगिल से 401 किलोमीटर उत्तर में रिक्टर पैमाने पर 4.7 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप सुबह 7 बजकर 38 मिनट पर भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने ट्वीट किया।

## अब अमेरिका में खालिस्तानियों ने की हिमाकत
# भारतीय दूतावास पर हमला, आधी रात को लगा दी आग

■ वाशिंगटन, एजेंसी।

अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को स्थित वाणिज्य दूतावास में खालिस्तान समर्थकों ने आग लगा दी। हालांकि अग्निशमन विभाग की तत्परता से तुरंत आग पर काबू पा लिया गया और इस हादसे में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। वहीं अमेरिका ने इस घटना की कड़ी निंदा की है और कार्रवाई करने की बात कही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रविवार दो जुलाई की मध्य रात्रि करीब डेढ़ बजे से ढाई बजे के बीच कुछ खालिस्तानी कट्टरपंथियों ने अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को स्थित वाणिज्य दूतावास में आग लगा दी। आग तेजी से वाणिज्य दूतावास में फैलने लगी। हालांकि तुरंत अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी गई, जिसके बाद अग्निशमन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। बता दें कि खालिस्तानी कट्टरपंथियों ने घटना का वीडियो भी बनाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल किया। कथित तौर पर खालिस्तानी कट्टरपंथी सोशल मीडिया पर अमेरिका में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू और अमेरिका में भारत के महावाणिज्यदूत डॉ. टीवी नागेंद्र प्रसाद को निशाना बनाते हुए पोस्टर्स सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं। खालिस्तानी इन दोनों पर कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगा रहे हैं।




### अमेरिका ने की निंदा

सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास में आगजनी की घटना पर अमेरिका की सरकार ने भी चिंता जाहिर की है और घटना की निंदा की। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यु मिलर ने बयान जारी कर कहा कि च्अमेरिका सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास में आगजनी की घटना की कड़ी निंदा करता है। अमेरिका स्थित विदेशी राजनयिकों या दूतावासों में तोड़फोड़ या हिंसा करना अपराध है।

### पहले भी हो चुके हैं हमले

गौरतलब है कि कुछ महीने पहले भी सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास में खालिस्तान समर्थकों ने हमला किया था। इस दौरान खालिस्तान समर्थक नारे लगाए गए और प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बैरियर्स को तोड़ दिया था और वाणिज्य दूतावास परिसर में खालिस्तानी झंडे लगा दिए थे। इससे पहले लंदन स्थित भारतीय दूतावास में भी खालिस्तान समर्थकों ने हमला किया था। उल्लेखनीय है कि कनाडा में बीते दिनों खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके विरोध में खालिस्तान समर्थक कनाडा के वैंकुवर, टोरोंटो समेत कई शहरों में विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। भारत सरकार ने कनाडा सरकार से अपील की है कि वह खालिस्तान समर्थकों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करे।

**हादसा**

## दो इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में भीषण आग, सेना ने संभाला मोर्चा
### इंश्योरेंस कंपनी की महिला समेत चार की मौत, 18 लापता

■ झांसी, एजेंसी।

सोमवार की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे सीपरी बाजार इलाके में तीन मंजिला दो इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में भीषण आग लग गई। यहां से निकलीं लपटों ने इंश्योरेंस कंपनी के ऑफिस, बंद कोचिंग सेंटर और स्पोटर्स की दुकान को भी चपेट में ले लिया। इस अग्निकांड में इंश्योरेंस कंपनी की एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन झुलस गए। 18 लोग लापता बताए जा रहे हैं। आग में घिरे पांच लोगों ने दूसरी मंजिल से छलांग लगाकर जान बचाई। गिरने से दो लोग घायल हो गए हैं। आग से शोरूम के बाहर और बेसमेंट में खड़े 100 से ज्यादा दोपहिया वाहन भी जल गए हैं। आग से 35 से 40 करोड़ रुपये के नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।मिशन कंपाउंड निवासी नीतेश और रीतेश अग्रवाल का सीपरी बाजार में रामा बुक डिपो चौराहे के पास वीआर ट्रेडर्स के नाम से इलेक्ट्रॉनिक सामान का शोरूम है। सोमवार को शोरूम के प्रथम तल पर आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और एसी, टीवी, फ्रिज और मोबाइल समेत सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलने लगे।



## » न्यूज गैलरी

### फिर बढ़ीकमर्शियल सिलेंडर की कीमतें



■ नई दिल्ली, एजेंसी।

गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी की गई है। जानकारी के अनुसार, 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में सात रुपये की वृद्धि की गई है। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में 19 किलो के कमर्शियल सिलेंडर का दाम 1,773 से बढ़कर 1,780 रुपये प्रति सिलेंडर हो गया है। हालांकि, घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पिछले कुछ महीनों में गैस सिलेंडर के दामों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। इसमें सबसे ज्यादा असर कमर्शियल गैस सिलेंडरों में देखने को मिला। इसी साल, मार्च में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में 350.50 रुपये प्रति यूनिट बढ़ोतरी की थी। हालांकि, मई में इनकी कीमतों में 171.50 रुपये की कटौती की गई थी।

### सैफ चैंपियनशिप फुटबॉल भारत -कुवैत के बीच खिताबी भिड़ंत आज

■ बेंगलूर, ईएमएस।

सैफ चैंपियनशिप फुटबॉल के फाइनल में गत विजेता भारत के नौवें खिताब की राह में मजबूत कुवैत होगा। बेंगलुरु के कांतिरवा स्टेडियम में आज खेले जाने वाले फाइनल में भारतीय टीम के साथ घरेलू दर्शकों का जबरदस्त समर्थन होगा। यही नहीं सकारात्मक पक्ष यह भी है कि टीम को डिफेंडर संदेश झींगन का साथ मिलेगा। वह लेबनान के खिलाफ हुए सेमीफाइनल में दो यलो कार्ड दिखाए जाने के चलते नहीं खेले थे। भारतीय टीम की निर्भरता एक बार फिर अब तक टूर्नामेंट में पांच गोल करने वाले कप्तान सुनील छेत्री पर होगी।
भारत ने सेमीफाइनल में लेबनान को पेनाल्टी शूटआउट में 4-2 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई थी, जबकि कुवैत ने एक्स्ट्रा टाइम में बांग्लादेश को 1-0 से हराया था। यह टूर्नामेंट में दूसरा मौका होगा जब दोनों टीमें आपस में टकराएंगी। झ्र भारत को यह ड्रॉ अंतिम क्षणों में अनवर अली के आत्मघाती गोल के कारण खेलना पड़ा था।

### जोधपुर के इस अस्पताल में चूहों ने मरीजों को काटा

■ जोधपुर, एजेंसी।

राजस्थान के जोधपुर में चौंकाने वाला मामला सामने आया जब एमडीएम अस्पताल में कई मरीजों को चूहों ने काट लिया। मनोरोग विभाग में इलाज करा रहे मरीजों ने ये शिकायत दर्ज कराई। पेशंट्स को काटने की बार-बार मिल रही शिकायतों के बाद अस्पताल प्रशासन सक्रिय हुआ। सोमवार को मामले की तफ्तीश के लिए एक जांच समिति का गठन किया गया। ये चौंकाने वाला मामला राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत के गृह नगर और जोधपुर संभाग के सबसे बड़े अस्पताल का है।

**ट्विटर की बंदिशें शुरू**

## अब ट्वीटडेक सेवा के लिए खर्चने होंगे पैसे

■ सैनफ्रांसिस्को, एजेंसी।

ट्विटर की ओर से यूजर्स के लिए ट्वीट पढ़ने की सीमा तय किए जाने के बाद अब इस माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ने अपनी कुछ सेवाओं पर भी बंदिशें लागू करना शुरू कर दिया है। इनमें सबसे पहला असर पड़ा है ट्विटर की ट्वीटडेक सेवा पर, जिसके जरिए यूजर्स अपनी पसंद के अलग-अलग ट्विटर हैंडल्स के ट्वीट को क्रमबद्ध तरीके से देख सकते हैं। ट्विटर ने एलान किया है कि अब इस सेवा के इस्तेमाल के लिए यूजर्स का वेरिफाइड होना यानी उनके पास ब्लू टिक होना जरूरी है।ट्विटर का कहना है कि ट्वीटडेक के इस्तेमाल के लिए यह बदलाव 30 दिन के अंदर शुरू हो जाएंगे। हालांकि, ट्विटर के इस एलान से पहले ही कई ट्वीटडेक यूजर्स परेशानियों को सामना कर रहे हैं।।




### कटनी के आधारकाप में डेरी संचालक के यहां सशस्त्र डकैती
# पति-पत्नी व पुत्र को घायल कर लूटे नगदी, जेवर

■ कटनी, यशभारत।

कोतवाली के आधारकाप क्षेत्र में डकैती की सनसनी खेज घटना घटित हुई है। यहां एक डेरी संचालक के घर में घुसे हथियार बंद बदमाशों ने पति-पत्नी व पुत्र पर जानलेवा हमला किया और अंदर से नगदी सहित सोने व चांदी के जेवर लेकर चंपत हो गए। बदमाशों के हमले गंभीर रूप से घायल हुए पति-पत्नी व पुत्र को कचहरी चौक स्थित एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार जारी है लेकिन तीनों की हालत गंभीर बनी हुई है। हमलावर संख्या में कितने थे, अभी इस बात का पता नहीं चल सका है। साथ ही परिवार के सभी सदस्यों के गंभीर रूप से घायल होने की वजह से यह भी पता नहीं चल सका है कि बदमाश वारदात को अंजाम देते हुए घर से कितनी राशि का सामान अपने साथ ले गए हैं।







पुलिस अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उनका सुराग लगाते हुए गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक आधारकाप क्षेत्र मुंबई डेरी नाम से दूध का व्यापार करने वाले 45 वर्षीय मनीष शर्मा के यहां देररात हथियार बंद बदमाशों ने धावा बोला और घर में घुसकर मनीष शर्मा, उनकी 40 वर्षीय पत्नी पूनम शर्मा व 13 वर्षीय पुत्र सत्य शर्मा पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर अंदर से नगदी व सोने-चांदी के जेवर लेकर चंपत हो गए। सूत्रों के अनुसार बदमाश अपने साथ 30 से 40 तोले सोने व चांदी के जेवर सहित लाखों रूपए अपने साथ ले जाने में सफल रहे। वारदात की जानकारी लगने के बाद पुलिस सक्रिय हुई और मौका मुआयना करने के बाद बदमाशों के सुराग लगाते हुए गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए लेकिन समाचार लिखे जाने के तक बदमाशों के संबंध में कोई भी सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगे थे।

## कार की टक्कर से ऑटो सवार पिता-पुत्र समेत पांच 6 की मौत

■ आगरा, एजेंसी।

ताजनगरी आगरा के खेरागढ़ कस्बा में सैंया रोड पर सोमवार की रात करीब साढ़े 10 बजे दीनदयाल मंदिर के समीप ऑटो व कार की सीधी टक्कर हो गई। हादसे में पिता-पुत्र समेत पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि पांच लोग घायल हैं। उन्हें इलाज के लिए आगरा भेजा गया। हादसा इतना भीषण था कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। ऑटो में 10 लोग सवार थे। मंगलवार की सुबह इलाज के दौरान इस हादसे में घायल एक और महिला मे दम तोड़ दिया। इससे मृतकों की संख्या छह हो गई है। अब चार घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, सोमवार की रात आगरा से सवारियां लेकर ऑटो खेरागढ़ आ रहा था। इसमें चालक समेत 10 लोग बैठे हुए थे। ऑटो जैसे ही खेरागढ़-सैंया मार्ग पर दीनदयाल मंदिर के समीप पहुंचा। सामने से आ रही तेज रफ्तार कार से उसकी टक्कर हो गई। आमने-सामने की हुई भिड़ंत में ऑटो क्षतिग्रस्त होने के साथ पलट गया। उसमें सवार लोग ऑटो के नीचे दब गए। चीख-पुकार मच गई। चीखें सुनकर आसपास के लोग दौड़े। सूचना पर खेरागढ़ थाना पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से ऑटो में फंसे लोगों को बाहर निकाला। इसमें बृजमोहन शर्मा (62) निवासी खेरागढ़, ऑटो चालक भोला निवासी अयेला और सुमित (12) निवासी नगला उदया की मौके पर ही मौत हो गई।



## शिवराज कैबिनेट की बैठक शुरू
### सीएम ने सीखो-कमाओ योजना के लिए टीम को दी बधाई

■ भोपाल, यशभारत।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में कैबिनेट बैठक हो रही है। बैठक शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना को लेकर जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्य प्रदेश के युवाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन क्योंकि आज हम एक ऐसी योजना (मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना) की शुरुआत कर रहे हैं जो युवाओं में एक नया उत्साह, आशा और विश्वास भरेगी। यह अपने आप में देश का एक अनूठा प्रयोग है। इसमें युवाओं को आठ से दस हजार रुपये महीना देंगे।




युवा काम सीखेंगे और उन्हें पैसा भी मिलेगा। मुझे लगता है कि अधिकतर लोगों को तो वही काम मिल जाएगा। बड़े उत्साह के साथ कंपनी, इंडस्ट्रीज, सर्विस सेक्टर के लोग योजना से जुड़ने के लिए आ रहे हैं। आज योजना की शुरुआत कर मध्य प्रदेश फिर एक नया इतिहास रचेगा। स्किल्ड मैन पावर तैयार करने के लिए, रोजगार सिखाने के लिए और युवाओं के मन मे एक नया विश्वास पैदा होगा। इसके लिए मैं पूरी टीम को बधाई देता हूं। इस बैठक में प्रदेश के देवास, धार, शाजापुर, आगर, उज्जैन, छिंदवाड़ा सहित 12 जिलों के 22 विकासखंडों में आइटीआइ की स्थापना के प्रस्?ताव को मंजूरी मिल सकती है। तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के प्रस्ताव पर निर्णय लिया जाएगा। इन विकासखंडों में आइटीआइ की स्थापना से प्रदेश के सभी विकासखंडों में आइटीआइ हो जाएंगे। इसके अलावा बैठक में संत रविदास सांस्कृतिक एकता न्यास, भारतीय जनता पार्टी मंदसौर के कार्यालय, विश्राम गृह और पार्किंग के लिए भूमि आवंटन के प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा। प्रदेश के देवास, धार, शाजापुर, आगर, उज्जैन, छिंदवाड़ा, बैतूल, सागर, नरसिंहपुर, मंडला, डिंडौरी और सीधी जिलों के 22 विकासखंडों में न तो सरकारी और न ही निजी आइटीआइ हैं। जबकि, कौशल विकास का प्रशिक्षण देने के लिए केंद्र सरकार ने कहा है कि प्रत्येक जिले में कम से कम एक आइटीआइ होना चाहिए।

**सूरजपुर में अनोखा मामला**

## जिस ने दी बलि, उसी के गले में फंसी बकरे की आंख, हो गई मौत

■ सूरजपुर, एजेंसी।

छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में अनोखा मामला सामने आया है। यहां बलि का बकरा एक आदमी की मौत की वजह बन गया। दरअसल, सूरजपुर जिले के खोपा धाम में ग्रामीणों ने एक आयोजन करके बकरे की बलि दी। उसके बाद मांस को पकाया गया और सबको परोसा गया। 50 साल के व्यक्ति बाजार साय ने बकरे की आंख खा ली जिसके बाद उसके गले में दिक्कत शुरू हुई। सांस लेने में तकलीफ होने के चलते उसे आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना सूरजपुर से सटे ग्राम परी की है। मदनपुर गांव के निवासी 50 वर्षीय बागर साय रविवार को प्रसिद्ध खोपा धाम पहुंचा था। उसके कुछ ग्रामीण भी थे। खोपा धाम में उसने कभी कोई मन्नत मांगी थी और मन्नत पूरी होने के बाद वो बकरे की बलि देने आया था। यहां पूजा करने के बाद उसने बकरे की बाले दी और अपने साथियों की मदद से बकरे के मांस की सब्जी बनाई मांस की सब्जी से आंख निकालकर बागर खाने लगा। कुछ देर बाद उसके गले में दिक्कत शुरू हो गई थी।



### सेंसेक्स-निफ्टी का रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन जारी

**मुंबई, एजेंसी।** सावन के पहले दिन शेयर बाजार की हरियाली शुरुआत हुई है। आज भी बाजार की शुरुआत रिकॉर्डतोड़ रही। घरेलू शेयर बाजार ने लगातार पांचवें दिन भी इतिहास रचा है। सेंसेक्स पहली बार 65500 के पार खुला है। वहीं, निफ्टी भी इतिहास रचते हुए 19406 के रिकॉर्ड स्तर से कारोबार की शुरुआत की। सेंसेक्स का पिछला ऑल टाइम हाई 65,300.35 और निफ्टी 19,345.10 था, जो जुलाई को बना था।

### जहर मिला खाना खाने से चार की हालत बिगड़ी

■ श्योपुर, ईएमएस।

श्योपुर में एक ही परिवार की चार महिलाओं की हालत जहरीला खाना खाने से बिगड़ गई। चारों महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार चल रहा है। महिलाओं का आरोप है कि उनके घर की ही बेटी ने उनके खाने व खाद्य सामग्री में जहर मिलाया है। हालांकि पुलिस अभी इस आरोप की जांच कर रही है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक मामला घर जवांई युवक के अपने घर लौट जाने का है। बीमार महिलाओं में से एक का कहना है कि लड़के की दादी युवक को अपने साथ लेजाना चाहती थी। उसने जहर दिया है। लेकिन स्टेडियम के सामने रहने वाली रामपूर्ति पत्नी महावीर बैरवा ने बताया कि उनकी बेटी आरती घर पर आई थी। उसी ने घर के पानी और खाने तक में जहर मिला दिया। जिससे सभी की हालत बिगड़ी है। अस्पताल में जो महिलाएं भर्ती हैं उनमें राममूर्ति पत्नी महावीर बैरवा उम, ममता पत्नी रामोतार बैरवा, रामधारा पत्नी सतवीर बैरवा निवासी प्रेमसर गांधीनगर के नाम शामिल है।

### प्रेमिका से लगातार बहस कर रहा था शख्स
**महिला को आ गया गुस्सा, कार से कुचलकर मार डाला**

नई दिल्ली, एजेंसी। प्यार एक बेहद खूबसूरत रिश्ता है. इस रिश्ते में साथ-प्यार और विश्वास होता है. लेकिन जहां इस रिश्ते में बेशुमार प्यार होता है वहीं होती है टकराहट. प्यार के रिश्तों में टकराव होने से रिश्ते में बैलेंस बना रहता है. कुछ का कहना है कि जैसे ज्यादा मीठा हेल्थ के लिए अच्छा नहीं होता, उसी तरह बिना लड़ाई के प्यार में भी मजा नहीं आता है. लेकिन आज हम जिस घटना के बारे में बताने जा रहे हैं, उसमें लड़ाई की हद इतनी ज्यादा बढ़ गई कि दोनों में से एक ही मौत ने ही लड़ाई को खत्म किया.ये घटना चीन की है. यहां रहने वाली एक महिला की अपने पार्टनर से किसी बात पर बहस हो गई. इसके बाद बात इतनी ज्यादा बढ़ गई कि महिला ने अपने प्रेमी को कार से कुचल दिया. एक बार कुचलने से उसका मन नहीं भरा तो उसने पांच बार टायर को शख्स के ऊपर चढ़ा दिया. इसका वीडियो पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गया. घटना को अंजाम देकर महिला वहां से फरार हो गई. घटनास्थल पर ही उसने अपनी कार भी छोड़ दी. फिलहाल महिला पुलिस की गिरफ्त में है.

**वर्ल्ड कप से 6 टीमें बाहर , भारत का पड़ोसी सबसे फिसड्डी**

# वेस्टइंडीज की अंतिम उम्मीद भी खत्म

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

भारत में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप का शेड्यूल आ चुका है. टूर्नामेंट का 13वां सीजन 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक खेला जाएगा. अब तक 9 टीमों ने वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई कर लिया है. अंतिम टीम पर फैसला क्वालिफायर से होना है. क्वालिफायर के मुकाबले अभी जिम्बाब्वे में खेले जा रहे हैं. एक मैच में नीदरलैंड ने ओमान को 74 रन से मात दी थी. इसी के साथ वेस्टइंडीज के सुपर-6 के टेबल में नंबर-3 पर भी पहुंचने की उम्मीद खत्म हो गई है. यानी अगर पाकिस्तान की टीम सुरक्षा कारणों से वर्ल्ड कप खेलने से इनकार करती है, तब भी विंडीज को मौका नहीं मिलेगा। वर्ल्ड कप क्वालिफायर की बात करें, तो कुल 10 टीमें इसमें उतर रही हैं. सिर्फ 2 ही टीमों को टिकट मिलना है जबकि 8 टीमें बाहर हो जाएंगी. अब तक हुए मुकाबलों को देखें, तो 6 टीमें बाहर भी हो चुकी हैं. इसमें वेस्टइंडीज के अलावा ओमान, नेपाल, अमेरिका, आयरलैंड और यूएई शामिल हैं. भारत के पड़ोसी देश नेपाल का प्रदर्शन फिसड्डी रहा. टीम को ग्रुप राउंड के 4 में से सिर्फ एक ही मैच में जीत मिली जबकि 3 में हार. टीम 5 टीमों के टेबल में चौथे नंबर पर रही थी.



**अंतिम टीम पर आज हो सकता है फैसला**

सुपर-6 के एक अहम मैच में आज जिम्बाब्वे की भिड़ंत स्कॉटलैंड से होगी. श्रीलंका की टीम 8 अंक के साथ वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई कर चुकी है. जिम्बाब्वे के 6 अंक है. टीम यदि आज का मुकाबला जीत लेती है, तो वह भी वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई कर जाएगी. ऐसे में अन्य टीमों की उम्मीद खत्म हो जाएगी।

### चांद पर जहां उतरेगा चंद्रयान-3, वहां आते हैं हमेशा भूकंप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के बहुप्रतीक्षित मिशन चंद्रयान-3 लॉन्चिंग के आखिरी चरणों में है। सब कुछ सही रहा तो इसरो ष्द्धड्डठ्ठस्रह्ड्ड4ड्डड्ड-3 को चंद्रमा के लिए 13 जुलाई को लॉन्च कर देगा। अंतिम समय में तारीख में कुछ फेरबदल भी किया जा सकता है। इसरो के चेयरमैन एस. सोमनाथ ने कहा कि हम इस बार चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग करने में सक्षम होंगे और भारत को बड़ी कामयाबी हासिल होगी।चंद्रयान-3 के लैंडर में 4 पेलोड हैं, जबकि 6 चक्के वाले रोवर में 2 पेलोड हैं। ये सभी अत्याधुनिक उपकरण चंद्रमा के कक्ष से पृथ्वी के वर्णक्रमीय और ध्रुवमिति माप का अध्ययन करेंगे। इसरो के मुताबिक चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर को वही नाम देने का फैसला किया है।

# अजित पवार को दो दिन में डबल झटका
### पहले दिन सांसद तो दूसरे दिन दो विधायक पवार खेमे में लौटे

■ मंबई, एजेंसी।

महाराष्ट्र की एकनाथ सरकार में उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने और एनसीपी को तोड़ने वाले अजित पवार को दो दिनों के अंदर डबल झटका लगा है। शपथ ग्रहण के दिन ही शपथ समारोह में कथित तौर पर मौजूद रहने वाले एनसीपी सांसद के शरद पवार खेमे में लौटने के बाद अगले दिन दो विधायक भी अजित पवार को छोड़कर शरद पवार के कैम्प में लौट आए हैं। इन विधायकों में सतारा एमएलए मकरंद पाटिल और उत्तरी कराड विधायक बालासाहेब पाटिल हैं। जूनियर पवार के खेमे में एनसीपी के 40 विधायक होने का दावा किया गया था।
इधर एनसीपी के दोनों प्रतिद्वंद्वी गुटों ने एक-दूसरे के नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की घोषणा की है। और दूसरे पक्ष के विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग करते हुए विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष क्रॉस- याचिकाएं दायर की हैं। बता दें कि अजित पवार के शपथ के दौरान राजभवन में मौजूद शिरूर के सांसद अमोल कोल्हे ने भी सोमवार को कहा था कि वह शरद पवार के समूह में वापस जा रहे हैं। इसबीच, शरद पवार ने अपने भतीजे के समूह के खिलाफ पहली कठोर कार्रवाई में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रहे राज्यसभा सांसद प्रफुल्ल पटेल और लोकसभा सदस्य सुनील तटकरे को पार्टी से बर्खास्त कर दिया है। इसके जवाबी कदम के तौर पर अजित पवार गुट ने एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में जयंत पाटिल की जगह तटकरे को नियुक्त किया है। तटकर की बेटी ने रविवार को मंत्री पद की शपथ ली थी।



## 19 साल बाद सावन में दुर्लभ संयोग

# शुरूआत आज मंगलागौरी व्रत से ,जमकर बरसेगी भोलेनाथ की कृपा

**जबलपुर ,यशभारत।** इस बार का सावन बेहद खास रहने वाला है। वैसे तो हिंदू पंचांग के अनुसार प्रत्येक 3 साल में अधिक मास आता है। लेकिन सावन में ऐसा संयोग पूरे 19 साल बाद बन रहा है। इस बार सावन का महीना 2 महीने का होगा। ज्योतिषाचार्य लोकेश व्यास बताया कि सावन माह का श्री गणेश आज 4 जुलाई से दुर्लभ संयोग में हुआ जो 31 अगस्त तक रहेगा. सावन के महीने में 59 दिन रहेंगे. 18 जुलाई से लेकर 16 अगस्त तक सावन अधिकमास रहेगा. इस बार 18 जुलाई से 16 अगस्त तक मलमास रहेगा. श्रावण मास के दौरान अधिकमास पड़ रहा है, इसलिए उस दौरान पूजा-अर्चना करने से भगवान हरि के साथ ही भोलेनाथ की भी जमकर कृपा बरसेगी । आज से पूरे 19 साल पहले साल 2004 में सावन माह में अधिकमास लगा था। अधिक मास लगने के कारण इस बार भक्तों को महादेव की पूजा के लिए पूरे 8 सोमवार मिलेंगे।

सुहागिन महिलाओं को पूरे 9 मंगला गौरी व्रत रखने को मिलेगा। मंगला गौरी व्रत की शुरुआत



आज मंगलवार यानी 4 जुलाई 2023 से हो रही है। इस दिन महिलाएं अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए व्रत रखती हैं और मां गौरी की विधि-विधान से पूजा करती हैं। इस मास का पहला मंगला गौरी व्रत त्रिपुष्कर योग में शुरु हो रहा है। मान्यता है कि इस योग में पूजा और व्रत से तीन गुना फल की प्राप्ति होती है। इस दिन दोपहर 1 बजकर 38 मिनट से शुरू हुआ जो अगले दिन सुबह 5 बजकर 28 मिनट तक त्रिपुष्कर योग बन रहा है।

### गूंजने लगे हर हर महादेव के जयकारे,

आज सुबह से शहर के शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी है। जय शिव शंकर एवं हर हर महादेव के जयकारे लगाते हुए भक्त शिव मंदिर पहुंच रहे हैं जहां भक्ति भाव के साथ भगवान शिव का दूध, दही, घी शक्कर, शहद, पंचामृत, बेलपत्र चढ़ाकर पूजन अर्चन किया जा रहा है। सभी शिवालयों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। इन दिनों भगवान शिव के मंदिर में हर हर महादेव और बम बम भोले का जयघोष हो रहा है।

### कचनार सिटी में उमड़ी भीड़

विजय नगर कचनार सिटी स्थित भगवान शिव के भव्य मंदिर 76 फीट की ऊंची प्रतिमा के दर्शन एवं पूजन अर्चन के लिए सुबह से भक्तों की कतार लगी हुई है। गर्भ गृह एवं गुफा के अंदर विराजित भगवान द्वादश ज्योतिर्लिंग का सुबह रुद्राभिषेक कर पूजन अर्चन किया गया। शाम को 7-00 बजे महाआरती होगी।

### गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में लगी भीड़

प्राचीन गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में आज सुबह से भक्त पहुंच रहे हैं। भगवान महादेव का आज सुबह नर्मदा जल से अभिषेक किया गया। लोग ग्वारीघाट से मां नर्मदा का जल लेकर गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में अभिषेक करने के लिए लगातार पहुंच रहे हैं। पूरा वातावरण शिव भक्ति में हो गया है।

### रामेश्वरम महादेव मंदिर में आयोजन

साकेत धाम स्थित श्री रामेश्वरम महादेव मंदिर में भगवान शिव का रुद्राभिषेक के पश्चात श्रृंगार किया गया है। यहां भी सुबह से दर्शन करने के लिए भक्तगण काफी संख्या में पहुंच रहे हैं। रामेश्वरम महादेव का आज सुबह रुद्राभिषेक किया गया, इसके पश्चात महाआरती हुई।

# मेडिकल की डिजिटल एक्सरे मशीन ठप

## मरीज आर्थिक बोझ उठाकर निजी सेंटर में जाने मजबूर हुए मरीज...

जबलपुर,यशभारत। नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल की डिजिटल एक्सरे मशीन पिछले 10 दिनों से बंद पड़ी हुई है जिसके चलते अब यहां जांच कराने आ रहे मरीजों और उनके परिजनों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डिजिटल एक्सरे मशीन कमरे के बंद होने से सड़क हादसों में घायल होकर मेडिकल इलाज के लिए पहुंच रहे मरीजों और गरीब तबके के लोगों को ज्यादा परेशानी हो रही है क्योंकि उनका आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रतिदिन 500 से ज्यादा मरीजों के एक्सरे होते हैं। अस्पताल में पूरे महाकौशल से मरीज मेडिकल पहुंच रहे हैं। लेकिन मशीन बंद होने से अब मरीजों को परिजनों द्वारा मजबूरीवश निजी सेंटरों में एक्सरे कराने के लिए ले जाना पड़ रहा है।



### निजी सेंटरों में लग रहे 500 से 600 रुपए

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डिजिटल एक्सरे के 150 रुपए लगते हैं जबकि ये सुविधा बंद होने से अब मजबूरन मरीजों को निजी रेडियोलॉजी सेंटरों में जांच के लिए 500 से 600 रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। शासकीय योजना के हितग्राहियों को डिजिटल एक्सरे व्यवस्था निःशुल्क दी गई है। मेडिकल में हालात अब ये हैं कि डिजिटल एक्सरे मशीन के ठप्प होने से गरीब तबके के मरीजों को सामान्य एक्सरे कराने की सलाह दी जाने लगी है।

### 7 साल पहले खरीदी गई थी मशीन

जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अत्याधुनिक तकनीक से लैस डिजिटल एक्सरे मशीन करीब 7 साल पहले खरीदी गई थी जो कि अब खराब पड़ी है। मेडिकल के डॉक्टर्स का कहना है कि मशीन का कोई पार्ट खराब हो गया है जिस कारण ये समस्या सामने आ रही है।मेडिकल कॉलेज के रेडियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संजय पांडे ने कहा है कि डिजिटल एक्सरे मशीन का कोई पार्ट खराब हो गया है जिसे जल्द से जल्द सुधारा जाएगा।

# मौसम खुलते ही उमस भरी गर्मी

## बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम बन

जबलपुर, यशभारत ।हवा के कम दबाव का क्षेत्र कमजोर पड़ने से फिलहाल बारिश का दौर थम गया है। मौसम विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम बन रहा है। जिसके एक दो दिन बाद फिर सक्रीय होने की संभावना है। उसके बाद फिर जोरदार बारिश की संभावना है। तब तक छुटपुट वर्षा होती रहेगी। मौसम खुलते ही उमस भरी गर्मी ने अपने पांव पसारना शुरु कर दिए थे। लोग परेशान हो गए हैं।



स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार उड़ीसा से आए मानसूनी बादल अभी पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर छाए हुए थे जो अब पश्चिमी दिशा की ओर शिफ्ट हो गये। पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर हवा के कम दबाव का क्षेत्र कमजोर हो जाने से भारी वर्षा की चेतावनी बेअसर हुई। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारे पड़ सकती है।

## सुशील ने बनाया नया रिकार्ड

जबलपुर, यशभारत। सर्वाधिक संख्या में पोस्ट आफिस एनएससी में निवेश करने पर जबलपुर के प्रसिद्ध सोशल मीडिया इंफ्लून्सर इंफ्लून्सर सुशील मोदी और उनकी पत्नी योगिता मोदी का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ। इस अवसर पर लोर्डगंज पोस्ट ऑफिस की श्रीमती छाया त्रिपाठी उप डाकपाल एसएसजी अजय कुमार गौतम पोस्टल असिस्टेंट, श्रीमानसुरेश कुमार मेहरा पोस्टल असिसटेंट उपस्थित रहे, सुशील मोदी और योगिता मोदी के नाम सर्वाधिक संख्या में पोस्ट आफिस एनएससी में निवेश करने का कीर्तिमान है, उन्होंने अभी तक 109 एनसीएस में निवेश किया है।

# कुरान का अपमान करने वाले को फांसी दो

## नायबे मुफ्ती ए आज़म एवं मुस्लिम जनप्रतिनिधियों ने ज्ञापन सौंपकर की मांग

जबलपुर। यूरोपीयन देश स्वीडन में ईदुज्जुहा ( बकरीद) के दिन पर राजधानी स्टॉकहोम की एक मस्जिद के बाहर एक व्यक्ति ने कुरआन शरीफ का खुला अपमान करते हुये इस्लाम विरोध प्रदर्शन किया। इस घटना को लेकर धर्मावलंबियों ने इसकी निंदा की एवं स्वीडन सरकार को चेताया। सोमवार को नायबे मुफ्ती- ए-आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना मुहम्मद मुशाहिद रजा सिद्दिकी की



सरपरस्ती में मुस्लिम जनप्रतिनिधियों ने एसपी तुषारकांत विद्यार्थी को राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर ज्ञापन दिया गया जिसमें स्वीडन नागरिक को सजा- ए -मौत की मांग की गई। ज्ञापन के दौरान हाजी कदीर सोनी,मुफ्ती सैयद अब्दुल रहमान, मौलाना अकबर अली मिसवाही, हाफिज मुनीर आलम, मुफ्ती फ़ैज़ान रज़ा, मौलाना बरकात उल्ला, हाफिज आशिफ, कारी इमदाद, हाफिज गुलाम गौस, मौलाना अयूब, इकबाल अहमद, नज़र पहलवान, ताहिर खान, जानी खान, पप्पू वसीम खान, पार्षद गुलाम हुसैन, गुड्डू नबी, कलीम खान, ताहिर अली, शफीक हिना, अमीन कुरेशी, अकबर खान एड. रिजवान खान, शबाब खान सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ कथाकार दानी की तीन पुस्तकों का विमोचन

### आधुनिक समाज का प्रतिबिम्ब है राजेन्द्र दानी की कहानियां

जबलपुर, यशभारत। वरिष्ठ आलोचक डॉ. निशा तिवारी ने कहा कि राजेन्द्र दानी स्मृति व संस्कारों के कथाकार हैं। उनकी कहानियों की विशिष्टता विचार व भाव है। विचार व भाव के माध्यम से वे कहानियों को विस्तार देते और कहानियों का अंत पाठकों को हतप्रभ कर देता है। राजेन्द्र दानी की कहानियां आधुनिक समाज का प्रतिबिम्ब है। डा. निशा तिवारी आज रानी दुर्गावती संग्रहालय की कला वीथिका में मध्य प्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन के संयोजन में आयोजित प्रतिष्ठित कथाकार राजेंद्र दानी की तीन पुस्तकों के लोकार्पण और विचार विमर्श कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त कर रही थीं ।कार्यक्रम में डा. स्मृति शुक्ल द्वारा राजेन्द्र दानी के विशद कथा कर्म पर केंद्रित आलोचना एवं संचयन ग्रंथ संपादित कहानीकार के रोशनदान, राजेंद्र दानी के कहानी संग्रह अन्विति और कथेतर गद्य कथेतर का विमोचन किया गया।

# सीए कोर्स के बारे में बच्चों का डर समाप्त करना उद्देश्य : सीए कमल वलेचा

जबलपुर,यशभारत। सीए ब्रांच द्वारा 75वें सीए डे उत्सव के तहत गुरू पूर्णिमा में स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल में कॉमर्स और सीए करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 9 से 12 तक के 300 बच्चे सम्मिलित हुए। इस अवसर पर सीए ब्रांच के चेयरमैन सीए कमल वलेचा ने सभी को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनायें दीं और कॉमर्स और सीए करियर काउंसलिंग के आयोजन का उद्देश्य बताते हुए कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य सीए कोर्स के बारे में बच्चों में डर को समाप्त करना है। इसके बाद सीए



आशुतोष ददरया ने नए सीए कोर्स के बारे में छात्रों को जांनकारी प्रदान की जो कि भारत के राष्ट्रपति द्वारा 1 जुलाई को जारी हुआ है, अब इसका समय कम हो गया है और अब सिर्फ 2 साल की आर्टिकल शिप ट्रेनिंग सीए के सानिध्य में करनी होगी, साथ ही यह बताया कि किस प्रकार निरंतर पढ़ाई और अभ्यास से इसे आसानी से बिना किसी दिक्कत और कोचिंग के पास किया जा सकता है। भविष्य में भी होते रहेंगे ऐसे आयोजन: पर्व जायसवाल

इस अवसर पर स्कूल के निर्देशक पर्व जायसवाल ने भविष्य में और इस प्रकार के कैरियर काउंसलिंग के आयोजन करते रहने की बात कही। कैरियर काउंसलर सीए आदित्य पारवानी ने पूरे सीए कोर्स के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल की प्रधान अध्यापिका मनमीत कोहली ने अभी सीए का स्वागत और सम्मानित किया और अपने स्कूल के द्वारा छात्रों को सीए बनने के लिए प्रोत्साहित किया और बच्चों ने भी सवाल पूछकर अपनी



## नगर निगम के सेवानिवृत डॉक्टर्स का सम्मान

जबलपुर, यशभारत। होमियोपैथिक चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ सैमुएल हैनिमैन की पुण्यतिथि पर नगर निगम जबलपुर के सेवा निवृत डॉक्टर्स का सम्मान किया गया एवं नगर के होम्योपैथिक चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े डॉक्टर्स के साथ एक यादगार समूह छायाचित्र में सम्मलित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। सम्मान समारोह में उपस्थित सभी चिकित्सकों को समाज के प्रति उनकी सेवाओं के लिए साधुवाद।

## गुरू का किया चरण वंदन अभिनंदन

जबलपुर, यशभारत। संपूर्ण ब्राह्मण मंच द्वारा गुरूपूर्णिमा पर जगतगुरु राघव देवाचार्य का चरण वंदन अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया ।इस मौके पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू,विनय सक्सेना डॉक्टर अरुण मिश्रा धनंजय बाजपेई अरुण तिवारी श्रीमती मिथिलेश तिवारी श्रीमती विनिता मालवी श्रीमती बबलू पंडा तिवारी ,निखिल तिवारी श्रीराम संस्था उत्तम पांडे, रावेंद्र तिवारी व अनेक संस्थाओं के लोगों ने गुरु पूजन किया ।

### गुरु भक्ति कल्याण का मार्ग:प्रमेश मिश्र।

**जबलपुर, यशभारत।** गुरु भक्ति से जीव भवसागर से पार हो सकता है, सच्चे मन, वचन,कर्मणा से गुरु के बताए मार्ग पर चलकर भक्त संसार में सुख भोगकर, गौ लोक गमन पर परलोक में भी सुखी रह सकता है, गुरु भक्ति से मानव देह का कल्याण होता है, उक्त ज्ञान मय उपदेश गुरु पूजन के लिए पहुंचे भक्तों को भगवताचार्य बनारस से जबलपुर पधारे श्री प्रमेश मिश्र जी ने प्रदान किए। गुरु महराज शिष्य मंडल के अटल उपाध्याय, रामकुमार पटेल, अभय ,नरेंद्र उपाध्याय, कमल उपाध्याय, रवि शंकर पटेल, श्री मति ज्योति, सुमन उपाध्याय, चंदशेखर पांडे, प्रमोद कुमार पटेल, ईश्वर लाल पटेल ने गुरु पूजन कर धर्म लाभ अर्जित किया। गुरु पूजन भंडारा, हवन सुबह 9 बजे से रात्रि 10 बजे तक किया जायेगा।

## गुरुपूर्णिमा के पावन पर्व पर गुरु भक्तों ने किया पादुका पूजन

जबलपुर, यशभारत। गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर बगलामुखी मंदिर शंकराचार्य मठ में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया ।प्रात: काल से गुरु भक्तों का आवागमन प्रारंभ हुआ दोपहर 12 बजे ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी महाराज के सानिध्य में गुरु भक्तों के द्वारा पादुका पूजन किया गया। इस अवसर पर ब्रह्मचारी जी ने गुरु की महिमा का व्याख्यान किया जीवन का आधार है गुरु, गुरु दीक्षा के बिना किसी भी पूजा पाठ का फल नहीं मिलता ।इस अवसर पर सांसद राकेश सिंह विधायक लखन घनघोरिया विनय सक्सेना भारत सिंह यादव मनोज सेन मधु यादव पंकज दुबे बी के पटेल आदि भक्त गण उपस्थित थे ।



# भगवान जगन्नाथ की वापसी रथयात्रा

## भक्तों को दर्शन देते हुए भगवान पहुँचे अपने धाम

**जबलपुर, यशभारत।** वात्री साहू समाज द्वारा संचालित श्री जगदीश स्वामी कर्मा माई शंकर भगवान मंदिर ट्रस्ट के तत्वाधान में भगवान श्री जगदीश स्वामी जी की वापसी रथयात्रा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर ब ?ी खेरमाई मंदिर से निकाली गई ।ट्रस्ट के कोठिया श्रीकान्त साहू ने बताया भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी जी अपने भाई बलभद्र एवँ बहिन सुभद्रा के साथ जगत को दर्शन देने मंदिर से निकलकर अपनी मौसी के घर 13 दिन विश्राम करते है उसके बाद वापसी रथयात्रा के साथ अपने मंदिर में पुन: विराजित होते है। साहू समाज द्वारा निकाली गई वापसी रथयात्रा ब ?ी खेरमाई से प्रारंभ होकर हनुमानताल, घो ?ा नक्कास, मिलोनिगंज, कोतवाली, सराफा, कमानिया गेट, ब ?ा फुहारा घमंडी चौक, चरहाई होते हुए साहू धर्मशाला ग ?ाफाटक में स्थित अस्थायी मंदिर में समाप्त हुई, जहां पूजन अर्चन के बाद प्रसाद वितरित किया गया। वापसी रथयात्रा में जगन्नाथ जी के महाप्रसाद मीठे भात का वितरण किया गया। रथयात्रा में भक्त जय जगदीश -जय जगदीश के उद्घोष के साथ रथ खींच रहे थे और ढोल, धमाल की थाप पर युवा नृत्य करते हुए भक्ति भाव मे दिखे।





## स्व. सुभाष चंद्र बैनर्जी के मूर्ति अनावरण हेतु ज्ञापन सौपा.....

**जबलपुर, यशभारत ।** सिविल लाइन स्थित लोहिया पुल के पास स्व. सुभाष चंद्र बैनर्जी के 14 अगस्त को 101 वी पुण्यतिथि पर् मूर्ति अनावरण हेतु नगर निगम आयुक्त श्री स्वपनिल वानखेड़े को ज्ञापन सौंप कर शीघ्र से शीघ्र उचित व्यवस्था की जाये ऐसी मांग की ।इस अवसर पर् पूर्व मंत्री शरद जैन, राजेंद्र सिंग, विशाल दत्त पार्षद श्याम कनोजिया, मोहन शर्मा प्रसन्न जीत चटर्जी, अशोक विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

# एफआईआर वापस लो नहीं तो जेल भरो आंदोलन होगा शुरू

## हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने घेरा केंट पुलिस थाना

जबलपुर। केंट पुलिस थाना में हिंदू धर्मसेना के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल के खिलाफ भड़काऊ बयान देने की बात को लेकर एफआईआर दर्ज की गई जिसके विरोध में सोमवार को बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने केंट पुलिस थाना का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एफआईआर वापस लेने की मांग की। उधर केंट पुलिस थाना के प्रभारी गनपत मर्सकोले ने बताया कि मामला जांच में है, जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी। प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं ने पुलिस से कहा कि अगर जल्द ही एफआईआर वापस



नहीं ली गई तो आने वाले दिनों में जेल भरो आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर योगेश अग्रवाल, लता सिंह ठाकुर, अरविन्द बाबा,जगदीश दुबे,शोभा तिवारी,नीरज राजपूत, आरती शुक्ला,अनिल पहलवान,सुशील बर्मन, यस कटारिया सहित बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## पार्षदों को विश्वास में लें , कोताही बर्दाश्त नहीं

# संभाग क्रमांक 15 सुहागी के कार्यालय पहुंचे महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू"

**जबलपुर। संभाग क्रमांक 15 सुहागी के वार्डो में चल रहे विकास कार्यो एवं अन्य जनहित के कार्यो की जानकारी लेने आज महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' संभागीय कार्यालय पहुँचे, जहॉ उन्होंने जोन अध्यक्ष, एम.आई.सी. सदस्य तथा वार्ड पार्षदां के साथ बैठक कर विकास कार्यो की समीक्षा की।**



इस दौरान महापौर ने जल वितरण व्यवस्था, शासकीय योजना से संबंधित कार्य, अद्योसंरचना एवं विकास कार्य, सड़कों, नाला-नालियों, पाथवेय का निर्माण आदि की जानकारी ली और तेज गति से कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को प्रदान किये। महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत देते हुए कहा कि सभी अधिकारी पार्षदों को विश्वास में लेकर उनके कार्यो को शीघ्रता से कराएँ ताकि नागरिकों के बीच नगर निगम के प्रति एक अच्छा संदेश जा सके। इसमें किसी प्रकार की कोताही न बरतने की भी महापौर ने हिदायत दी।

बैठक में जोन अध्यक्ष श्रीमती गार्गी रामकुमार यादव, एम.आई.सी. सदस्य श्रीमती लक्ष्मी लक्ष्मण गोटिया, पार्षद श्रीमती अर्चना सिसौदिया, सतेन्द्र कुमार चौबे, डॉ. सुभाष तिवारी, योगेन्द्र उइके, एवं मथुरा प्रसाद चौधरी, संभागीय अधिकारी संतोष अग्रवाल, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक धर्मेन्द्र राज आदि उपस्थित रहे।

समीक्षा बैठक के दौरान महापौर को सभी पार्षदों ने अवगत कराया कि जल विभाग के उपयंत्री जिनके द्वारा संभागीय जल वितरण व्यवस्था देखी जाती है वे समय पर कार्यालय में उपलब्ध नहीं रहते हैं। जिसके कारण तत्काल रविन्द्र सिंह ठाकुर को संभाग क्रमांक 15 से ट्रांसफर कर वहॉं उपयंत्री केदारनाथ मंडेले को जल वितरण व्यवस्था देखने की जिम्मेदारी दी गई है। इस अवसर पर महापौर ने सभी पार्षदों के सुझाव लिये और उनके कार्यो को भी सुना और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी क्षेत्रीय पार्षदों से तालमेल बैठाकर उनके बताए कार्यों को वार्डो में प्राथमिकता से कराएं।

## कृषि मंडी में गंदगी से निजात दिलाने की मांग

जबलपुर, यशभारत। कृषि उपज मंडी व्यापारी संघ ने मंडी प्रांगण में वर्षाकाल में होने वाली जल प्लावन व गंदगी की समस्या से निजात दिलाने की मांग मंडी सचिव से की है। मंडी व्यापारियों ने कल इस संबंध में एक ज्ञापन मंडी सचिव श्री सैयाम को सौंपा। समस्याओं का शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।

# खरीफ फसल की तैयारी में जुटे किसान

## सुबह से ही खेत खलिहानों में दिखने लगे किसान

**जबलपुर यशभारत। मानसून की सक्रियता के बाद सभी किसान अब खेत की ओर रुख करने लगे हैं। खेतों की साफ-सफाई और खाद डालने का कार्य जोरों पर है। खुर्रा जुताई द्वारा खेतों के खरपतवार को नष्ट करने का कार्य भी किसानों ने अपने हाथों में ले रखा है अच्छी बारिश होने के कारण धान की खेती करने वाले किसान खाद बीज की तैयारी में जुट गए और किसानों द्वारा धान का रोपा भी तैयार किया जा रहा है इसके साथ ही जिन खेतों में धान की बोनी करना है उन खेतों में कृषि यंत्रों की मदद से रोटरी आदि चलाई जा रही है जिससे कि रोपा लगाया जा सके वहीं अब किसान मजदूरों की तलाश में भी जुट गए हैं जिससे कि समय रहते धान की रोपाई तैयार हो सके।**



प्रति एकड़ आती 15 हजार की लागत किसानों ने लगाई धान की नर्सरी

समय से पहले मानसून की आहट होते ही क्षेत्र के किसानों ने धान की नर्सरी की तैयारी शुरू कर दी है। बीज विक्रेताओं की दुकानों पर किसानों की भीड़ देखी जा रही है। पौध तैयार होते ही धान की रोपाई शुरू हो जाएगी। किसानों को मानसून की बारिश अच्छी होने की उम्मीद अभी से दिखने लगी है। मौसम के रुख को भांप कर किसान धान की पैदावार करने के लिए अभी से सक्रिय हो गए है। कुछ किसानों ने सिंचाई संसाधन मौजूद होने पर धान की पौधे तैयार करना शुरू कर दिया है।धान की खेती करने वाले किसानो ने अलग-अलग जानकारी में बताया कि धान की रोपाई समय से हो जाने पर अच्छी फसल उपज होने की संभावना रहती है। इन दिनों बाजार में विभिन्न प्रजातियों के बीज दुकानदारों द्वारा बेचा जा रहा है। किसानो का कहना है कि अच्छे किस्म के धान के नाम पर किसानों से दुकानदारों द्वारा अच्छी रकम भी बसूली जा रही है महंगाई के चलते किसान बीज-खाद की खरीदारी को लेकर काफी परेशान हैं। खरीफ सीजन के तहत धान की नर्सरी बनाने के उद्देश्य से किसानों ने खेतों को तैयार करना शुरू कर दिया है/

### प्रति एकड़ लगती है 15 हजार की लागत

इस संबंध में धान की खेती करने वाले इंद्र कुमार राजपूत सहित अन्य किसानों ने बताया कि धान की खेती करने में इन दोनों भारी लागत लग रही है जिसमें बोनी से लेकर कटाई तक 15 हजार रूपए से भी अधिक लागत लगती किसानों ने बताया कि बोनी बीज उपचार के साथ कीटनाशक दवाई निदाई पांच हजार की खाद धान की अच्छी पैदावार करने के लिए तीन स्प्रे भी किए जाते हैं/

### 120 दिन में तैयार होती है फसल

खरीफ की इस फसल को तैयार होने में 120 दिन लगते हैं जिसमें किसान को बहुत ही कड़ी मेहनत लगती है इसके साथ ही कृषि कार्य करने के लिए किसानों के सामने इन दिनों मजदूर की सबसे बड़ी समस्या सामने खड़ी होती है समय पर मजदूर मिल जाने के कारण कृषि कर मैं काफी सहूलियतें मिल जाती है किसानों द्वारा धान की विभिन्न प्रजाति की जहां रोपे तैयार किये जा रहे हैं वहीं कुछ किसान जिनके पास कृषि यंत्र का अभाव है एवं मजदूरों की समस्या रहती है वह रोपाई की जगह सीधे बोनी ही करना उचित समझते हैं।

## डोरीलाल की चिन्ता

# जिसका डर था बेदर्दी वही बात हो गई

अभी कल ही पंतप्रधान ने नाम लेकर कहा था कि इन घोटालेबाजों का सफाया कर दिया जाएगा। घोटालेबाज साफ हो गए। विलीन हो गए। इतना फास्ट काम। त्वरित निर्णय। काले कपड़े वाशिंग मशीन में चले गए। शफ्फाक सफेद होकर बाहर आ गए। गुरूपूर्णिमा के दिन गुरू गुड़ रह गए चेला शक्कर हो गए। यहां अर्थशास्त्र काम कर गया। आप गलत समझे डोरीलाल पैसों के लेनदेन की बात नहीं कर रहे। वो तो व्यापार में होता ही है। ये डिमांड एंड सप्लाई का मामला है। जहां मांग और वहां पूर्ति। जिसकी मांग उसकी पूर्ति। व्यापारी कहता है मुझे उस बोरी के आलू चाहिए। बेचने वाला उसी बोरी के आलू बेचता है। आलू का क्या है वो तो मंडी में बिकने के लिए ही खड़ा है। फिर महाराष्ट्र की बात ही अलग है। यहां आलू ही आलू को खरीद रहा है। प्याज माइनॉरिटी में चली गई। शिवसेना को तोड़कर आलू लाए। फिर एनसीपी को तोड़कर आलू लाए। गोदाम में आलू ही आलू हो गए। भाजपा की प्याज माइनॉरिटी में आ गई। अब जब चुनाव होंगे तो अधिकांश सीटों पर चुनाव तो शिवसेना और एनसीपी के आलू ल?ंगे। बीजेपी कहां ल?गी। नहीं तो फिर वापस आलू बाजार में चले जाएंगे।हमें खरीद लो हम बिकने को तैयार हैं। नहीं तो हम फिर शरद पवार के गोदाम में चले जाएंगे।



अब तरह तरह के कयास लग रहे हैं। कोई कहता है कि ये शरद पवार की चाल है। उसने आलू सड़ने के डर से भाजपा के कोल्ड स्टोरेज में रखवा दिए हैं। जब खतरा टल जाएगा तो निकाल लेगा। कोई कहता है कि शरद पवार में अब आलू की बोरियों को उठाने की ताकत नहीं रही इसलिए आलू भाग गए। हर आलू की इच्छा होती है कि कोई उसे खरीदे। अच्छे किचिन में अच्छे मसालों के साथ उसे खाया जाए। कहा जाए कि क्या आलू है। शरद पवार के गोदाम में पड़े पड़े सड़ने का क्या मतलब ?

मगर डोरीलाल का इरादा है कि कंजूमर फोरम में केस लगाया जाए। हम जैसे लोगों ने एक चल सम्पत्ति चुनी। बाकायदे चुनी। फारम भरे गए। चुनाव प्रचार हुआ। भाषण हुए। कस्में वादे हुए। प्यार वफा की कसमें दिलाई गई। विजय जुलूस निकले। हम समझे हमारी एन पार्टी जीत गई। हमारा आलू जीत गया। मगर ये क्या हो रहा है। हमारी अमानत में खयानत हो गई। हमारी चल सम्पत्ति सच में चलाए मान हो गई। हमसे बिना पूछे चलते हुए बल्कि दौड़ते हुए दूसरे गोदाम में जाकर साष्टांग लेट गई। अध्यक्ष महोदय हमारी चल सम्पत्ति हमारे बेचे बिना कैसे बिक सकती है। हमसे पूछे बिना कैसे बिक सकती है। चल सम्पत्ति का कहना है कि उसका भरोसा नए खरीददार पर है। इस मालिक ने पहले हमें एडवांस दिया। मंत्री बनाया। दस पर्सेंट महिलाओं के लिए और दस पर्सेंट अल्पसंख्यकों के लिए भी सीट दी हैं। चल सम्पत्ति का ये भी कहना है कि हम लोग थोक में बिके हैं। फुटकर में नहीं बिके। इसलिए हमें दाम सही मिले हैं। सौदे के हिसाब से मंत्री बनाया गया है। सबसे अच्छी बात ये है कि सबकुछ संविधान के अनुसार हुआ है। हमने भी संविधान की ही शपथ खाई है। संविधान हम हमेशा जेब में रखते हैं। जब हम बिकते हैं तो संविधान के अनुसार ही बिकते हैं। इसके पहले भी हम बार बार बिकते रहे हैं। हम सच बता रहे, हमें कल ही शाम को पता चला कि हमारा विश्वास नरेन्द्र मोदी की नीतियों पर है। और आज हम हम बी पार्टी में आ गए।

तो कंजूमर फोरम में हमारी अपील इस प्रकार है कि महोदय कुछ वर्ष पूर्व हमने अपने क्षेत्र से एन पार्टी का एक प्रत्याशी वोट देकर चुना था। इस प्रकार यह हमारी सम्पत्ति (माल) हुआ। पर क्योंकि यह चल फिर सकता है अतः इसे चल सम्पत्ति माना जा सकता है। इसे पुनः दोहराया जाए कि यह हमारी चल सम्पत्ति एन पार्टी की सदस्य थी। पिछले दिनों देश के प्रधान सेवक ने कहा कि एन पार्टी ने सत्तर हजार करोड़ का घोटाला किया है। अतः इन्हें पुलिस का डंडा और जेल की सलाखें मिलेंगी। इसकी मै गारंटी देता हूं। अध्यक्ष महोदय इस गारंटी से हमारा चुनी इुई चल सम्पत्ति चल प?ी और प्रधान सेवक की बी पार्टी में चली गई।

अध्यक्ष महोदय जैसी भी थी काली थी या सफेद थी पर ये चल सम्पत्ति थी तो हमारी। इसे हमें वापस दिलाया जाए। महोदय हम उपभोक्ता हैं और हमारे चल सम्पत्ति की चोरी हुई है। तत्काल हमारी चल सम्पत्ति हमें दिलवाई जाए। यदि वो किसी गोदाम में बंद है और अचल सम्पत्ति में बदलती जा रही है तो कृपया हमें दिखा दी जाए। कहीं ऐसा न हो कि हमारी सम्पत्ति स? जाए और कचरे के ढेर में फेंक दी जाए जो उसकी सही जगह है।

**डोरीलाल सत्ताप्रेमी**

# कॉम्बिंग गश्त में 376 वारंटी दबोचे गए



अपराध नियंत्रण में एसपी के निर्देश पर जारी है पुलिस की कार्यवाही

**जबलपुर।** अपराधों में नियंत्रण और आम जनता में बदमाशों के खौफ को कम करने के उद्देश्य से एसपी तुषारकांत विद्यार्थी के निर्देश में जबलपुर पुलिस की कॉम्बिग गश्त जारी है। सोमवार को पुलिस ने 5 घंटे के भीतर विशेष अभियान नाइट कॉम्बिंग गश्त में मारपीट, चोरी, अवैध हथियार, अवैध शराब के वर्षों से फरारे 376 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की कॉम्बिंग गस्त में वारंटियों एवं मामले में , ईनामी उद्घोषित फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए शहर एवं देहात में 86 टीमें लगीं थीं। जिसमें 14 राजपत्रित अधिकारी, 36 टीआई सहित लगभग 600 का पुलिस बल शामिल था। जानकारी के अनुसार बीती रात पुलिस ने 12 बजे से सुबह 5 बजे तक कॉम्बिंग गश्त की। इस दौरान टीमों के द्वारा दबिश देते हुए कॉम्बिंग गस्त के दौरान मारपीट, चोरी, अवैध हथियार, अवैध शराब, के लंबे समय से फरार चल रहे 64 गैर म्यादी एवं 150 गिरफ्तारी वारंटियों को पकड़ा गया और 161 जमानती वारंट तामील किए गए, वहीं गश्त के दौरान प्रकरण में फरार 1 आरोपी को भी दबोचा गया है। इसके साथ ही पुलिस ने 22 शराब तस्करों को 25 लीटर कच्ची एवं 156 पाव देशी/विदेशी शराब के साथ पकड़ा है।

# 8 दुकानों पर आबकारी विभाग की कार्यवाही



### अधिक मूल्य पर शराब बेचे जाने की शिकायत के बाद लिया गया एक्शन

जबलपुर। जिले में एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब बेचने का सिलसिला शराब दुकानों का जारी है जिसकी शिकायत मिलने पर अब आबकारी विभाग द्वारा कार्यवाही भी की जा रही है। जानकारी के अनुसार अधिक मूल्य पर शराब बेचे जाने की शिकायत मिलने पर आबकारी विभाग द्वारा कम्पोजिट मदिरा दुकान बिलहरी , रांझी ,पिपरिया, घाना ,कंचनपुर , अधारताल , ओमती, मढ़ाताल में टेस्ट परचेज करवाई गई एवं ओवर रेट पाए जाने पर प्रकरण दर्ज किए गए।

# विद्युत फ्यूल सरचार्ज से बिजली मंहगी

**जबलपुर, यशभारत।** उपभोक्ता मंच के डॉ.पीजी नाजपांडे ने जानकारी दी है कि अप्रेल, मई तथा जून ऐसे पिछले 3 माह में औसतन 7.24 प्रतिशत से बिजली फ्यूल सरचार्ज की वसूली हो रही है, यदि उपभोक्ता की बिजली खपत 200 यूनिट है तो उसे अतिरिक्त 75 रुपए देना प? रहा है।

डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि पावर मैनेजमेंट कंपनी ने फ्यूल सरचार्ज की गणना के आधार पर बिलिंग के सर्वुसलर जारी किए है। यह सर्वुसलर पूर्व, पश्चिम तथा मध्य क्षेत्र वितरण कंपनियों के प्रबंध संचालकों को भेजकर उपभोक्ताओं से वसूली करने के आदेश जारी किए गए हैं।

सर्वुसलर दिनांक 19 अप्रैल 2024-अप्रैल में 6.80 प्रतिशत, सर्वुसलर दिनांक 25 मई 2023-मई में 8.79 प्रतिशत, सर्वुसलर दिनांक 23 जून 2023-जून में 6.16 प्रतिशत, सर्वुसलर दिनांक 23 जून 2023-जून में 6.16 प्रतिशत।

इससे स्पष्ट होता है कि पिछले 3 महीनों में फ्यूल चार्ज लगभग 7.24 प्रतिशत से वसूला जा रहा हैं।

उपभोक्ता मंच के रजत भार्गव, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, मनीष शर्मा, डीआर लखेरा, सुशीला कनौजिया, राममिलन शर्मा ने बताया कि हर एक महीनें में बिजली के दाम तय करना उपभोक्ताओं के लिए खतरनाक बन गया है, जिसका सभी को विरोध करना चाहिए।

# जलसंकट से त्रस्त जनता के साथ भाजपा पार्षद दल ने नगर निगम में किया प्रदर्शन

**जबलपुर,यशभारत।** केंट विधानसभा क्षेत्र में और शहर के कई इलाकों में व्याप्त जलसंकट की समस्याओं को लेकर मंगलवार को विधायक अशोक रोहाणी के नेतृत्व में सड़क पर बड़ी संख्या में जनता उतर आई। इस दौरान खाली मटके लेकर जलसंकट से परेशान लोग नौदरा ब्रिज से पैदल चलते हुए नगर निगम का घेराव करने पहुंचे। जहां पर नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल ने भाजपा पार्षद दल के पार्षदों के साथ मिलकर सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल ने बताया कि नगर निगम में सिर्फ भ्रष्टाचार व्याप्त है। शहर में जलसंकट लगातार बढ़ते जा रहा है। अगर जल्द समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन की चेतावनी नेता प्रतिपक्ष कमलेश द्वारा दी गई है।





# हर्षित नगर के रहवासियों को सड़क की सौगात



**जबलपुर,यशभारत।** हर्षित नगर विवेकानंद वार्ड की पार्षद सोनिया रंजीत सिंह ठाकुर के प्रयासों में अब क्षेत्रीय रहवासियों को मुख्य सड़क की सौगात मिल रही है। क्षेत्र की सड़क में डामलीकरण का कार्य शुरू हो चुका है। जानकारी के अनुसार करीब 5 लाख 94 हजार रुपए की लागत से मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना के तहत इस सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिससे क्षेत्रीयजनों को आवागमन में कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।

# अति. पुलिस अधीक्षक संजय अग्रवाल को आईपीएस ॲवार्ड



**जबलपुर, यशभारत।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय अग्रवाल को भारतीय पुलिस सेवा में आईपीएस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। जिसके बाद श्री अग्रवाल की एसपी के पद पर पदस्थापना की जाएगी। भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा यह नियुक्ति दी गई है। विदित हो शहर में एडिशनल एसपी के पद पर रहते हुए संजय अग्रवाल ने यातायात पुलिस में भी शहर के यातायात और कानून व्यवस्था का बखूबी निर्वहन किया।

# जैन समाज ने मनाया अष्टान्हिका महापर्व

### श्री महावीर जिनालय में 170 तीर्थंकर विधान



**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर में सकल जैन समाज के साथ जिनवाणी तत्वरसिक श्री वीतराग विज्ञान मण्डल, जैन युवा फेडरेशन एवं त्रिशला महिला मण्डल के संयुक्त तत्वावधान में आषा? शुक्ल अष्टमी से आषा? शुक्ल पूर्णिमा तक विविध अनुष्ठानों के साथ आत्म शुद्धि एवं धर्माराधना के अनादि निधन शाश्वत महापर्व अष्टान्हिका की मंगल आराधना की। फेडरेशन के मीडिया प्रभारी दीपकराज जैन एवं मण्डल अध्यक्ष अशोक जैन ने बताया कि आठ दिवसीय अष्टान्हिका महापर्व की पूर्णता आषा? शुक्ल पूर्णिमा सोमवार के शुभ दिन हुई। इस अवसर पर ब?ी संख्या में जैन श्रावक - श्राविकाओं ने नगर के ब?ा फव्वारा पायल वाला मार्केट स्थित श्री महावीर स्वामी दिगम्बर जैन मंदिर में श्री जिनेन्द्र पूजन के साथ श्री नन्दीश्वर दीप पूजन कर विधानाचार्य पं. अभिनय शास्त्री, प्रशांत जैन एवं अजित जैन के मार्गदर्शन में 170 तीर्थंकर मण्डल विधान की आराधना कर समस्त तीर्थंकर भगवंतों की भाव वंदना करते हुए उन्हें भक्ति भाव पूर्वक अर्घ समर्पित किया एवं शांतिपाठ के साथ महाअर्घ समर्पित कर विश्व शांति की मंगल भावना व्यक्त की।प्रवचनों की श्रंखला में स्वाध्याय भवन में हिम्मतनगर से पधारे प्रतिष्ठाचार्य पं. रजनीभाई दोशी एवं मुम्बई से पधारे पं. नीलेषभाई शाह के श्रीमुख से ग्रँथराजश्री समयसार के माध्यम से निज शुद्धात्मा ज्ञायक भगवान आत्मा की महिमा जानकर आत्मा से परमात्मा बनने का मार्ग जाना। आठ दिवसीय महोत्सव मे विधान कराने का सौभाग्य त्रिशला महिला मण्डल को प्राप्त हुआ। सफल आयोजन को जन जन तक पहुंचाने के लिए मण्डल एवं फेडरेशन ने सम्मानीय मीडिया सहित सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त कर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।

# प्रतिभाशाली छात्रों और शिक्षकों का किया गया सम्मान



### युवा सेवा संगठन के पदाधिकारियों का आयोजन

**जबलपुर,यशभारत।** युवा सेवा संगठन के बैनर तले मानस भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर संगठन द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के साथ गुरु को स्मृति चिन्ह और शॉल- श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष सुमित यादव ने बताया कि इस साल जो परिणाम हमारे सामने आए हैं उसके लिए छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को सम्मानित करना हमारे लिए गर्व की बात है। उपलब्धि हासिल करना मुश्किल काम नहीं है, उसे बरकरार रखना बड़ी बात है। वहीं गुरु पूर्णिमा के पर्व को ध्यान में रखते हुए संगठन द्वारा शिक्षकों का भी शाल श्रीफल और पौधा भेंट कर मंच पर सम्मान किया गया। इसके साथ ही संगठन के विभिन्न विभागों में कार्यरत कार्यकर्ताओं का भी सम्मान किया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम में करीब 1500 से अधिक उत्कृष्ट छात्रों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सुमित कालिया,विधायक अजय विश्नोई, सम्मति सैनी, विमल जैन, डॉ निलेश जैन, विवेक पटेल, स्वप्निल वानखेड़े निगम आयुक्त, भानु प्रताप बाथमा, आशीष बिरछिया सहित बड़ी संख्या में संगठन के लोग मौजूद रहे।

# 35वीं अखिल भारतीय रेलवे शतरंज प्रतियोगिता में 80 खिलाड़ी ले रहे भाग



**जबलपुर यशभारत ।** अखिल भारतीय रेलवे की 35 वीं शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर महाप्रबंधक रवि शंकर सक्सेना द्वारा किया गया। रेलवे स्टेडियम जबलपुर में आयोजित उद्घाटन समारोह में वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक पंकज शर्मा, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त प्रदीप कुमार गुप्ता, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रभात, प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर जगराम मीणा, पमरे खेलकूद संघ के अध्यक्ष डी. सी. अहिरवार, मण्डल रेल प्रबंधक विवेक शील, पमरे खेलकूद संघ के महासचिव डॉ. आशुतोष गर्ग, पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय के अन्य प्रमुख विभागाध्यक्ष, जबलपुर मण्डल के शाखा अधिकारी सहित रेलवे के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित थे।

### 80 खिलाड़ी ले रहे हैं भाग

इस प्रतियोगिता में 10 ग्रैंड मास्टर एवं 17 इंटरनेशनल मास्टर सहित लगभग 80 शतरंज खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता में दो इवेंट होते है, जिसमे पहला टीम इवेंट और दूसरा इंडिविजुअल इवेंट आयोजित किए जाते है।



## सेवा सम्मेलन में बोले सीएम शिवराज

# न्यूनतम जरूरतों की पूर्ति करना सरकार का दायित्व

**भोपाल, यशभारत। राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित दो-दिवसीय सी-20 सेवा सम्मेलन का के समापन सत्र में सीएम शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। सीएम शिवराज ने सम्मेलन में सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेवायोगियों का सम्मान किया।सेवा सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने दो किताबों का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा कि सेवा योगियों को मैं प्रणाम करता हूं।**

यह मध्य प्रदेश का सौभाग्य है। आवभगत, सत्कार यह भारत की संस्कृति है। मध्य प्रदेश में जन्म होने के बाद घुट्टी पिलाई जाती है कि दूसरों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है और दूसरों को दुख देना सबसे बड़ा पाप है। उन्होंने कहा कि बिना संवेदना और अपनत्व के सेवा नहीं हो सकती। इसलिए भारत ने कहा जीयो और जीने दो। प्राणियों में सद्भावना हो और विश्व का कल्याण हो यह भारत ने दिया। एक ही चेतना सभी में है। जीने की आवश्यक वस्तुएं दे दो, मनुष्य सुखी हो जायेगा। सरकार का भी यही काम है। मनुष्य की न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति सरकार की ड्यूटी है। सीएम शिवराज ने कहा कि हम जो है दो है, एक अंदर का शिवराज और दूसरा बाहर का शिवराज। बाहर का शिवराज गड़बड़ करने का सोचता है लेकिन अंदर का शिवराज बोलता है कि ये गलत है मत कर। अंदर की आवाज जो होती है वो दूसरों की सेवा की प्रेरणा देती है। यही आत्मा का सुख है।




यह धरती केवल मनुष्य की बपौती नहीं है यह पशु पक्षी, कीट पतंग और सभी के लिए है। उनकी सेवा भी आवश्यक है। पशुओं को भी आत्म भाव से देखो। धरती को बचाना है तो प्रकृति का शोषण नहीं दोहन करो। भारत ने नदियों को जल बहने वाली वाहिकाएं नहीं माना, इनको भी माता माना। मैं जब सुबह उठता हूं तो सबसे पहले पक्षियों को दाना डालता हूं गाय को रोटी खिलाता हूं। रोज पेड़ लगाता हूं। ष का उत्पादन 100 करोड़ टन से बढ़कर 700 करोड़ टन हो गया है। बिजली का उत्पादन 2900 मेगावाट से बढ़कर 28 हजार मेगावाट हो गया है। डा. राधाशरण गोस्वामी ने कहा कि फेडरेशन द्वारा व्यापार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। विश्व भर में उत्पाद भेजे जा रहे हैं।

### अब 10 वर्ष के लिए मिलेगा उद्योग-व्यापार का लाइसेंस - मुख्यमंत्री

उद्योगपतियों और व्यापारियों के हित में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बड़ी घोषणा की है। किसी भी उद्योग-व्यापार का लाइसेंस अब 10 वर्ष से कम के लिए नहीं बनेगा। नवीनीकरण भी 10 वर्ष तक मान्य रहेगा। अभी कुछ उद्योगों का एक तो कुछ का दो वर्ष के लिए लाइसेंस मिलता था। उन्होंने कहा कि उद्योगों को बढ़ावा देने में कोई कमी नहीं रहने देंगे। प्रदेश में उद्योग विकास दर 24 प्रतिशत है। व्यापारी और उद्योगपति प्रदेश की समृद्धि के लिए मिलकर कार्य करें। विकास में निरंतर भागीदारी करते रहें। मुख्यमंत्री भोपाल में फेडरेशन आफ एमपी चेंबर्स आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री के सातवें आउट स्टैंडिंग पुरस्कार वितरण और 44 वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने व्यापार और उद्योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यापारियों, उद्योगपतियों और संस्थानों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# नियम विरुद्ध संविलियन तीन अधिकारी बर्खास्त

■ भोपाल, यशभारत।

शहडोल और अनूपपुर की नई नगर परिषदों में कर्मचारियों का नियम विरुद्ध संविलियन करने के मामले में तीन अधिकारियों को नौकरी से हाथ धोना पड़ा है। इनमें तत्कालीन प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी विकास चंद्र मिश्रा, तत्कालीन उप यंत्री संदीप सिंह उरैती एवं अजीत रावत शामिल हैं।तीनों पर तीन संविदाकर्मियों और 246 मानदेयकर्मियों का बिना नियम संविलियन करने का आरोप है। इनके कृत्य से सरकार को हुए आर्थिक नुकसान की वसूली भी इनसे की जाएगी। मिश्रा और उरैती से दो करोड़ 55 लाख और रावत से 65 लाख रुपये वसूले जाएंगे।नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बताया है कि अनूपपुर जिले की नवगठित परिषद डोला, डूमरकछार, वनगवां और शहडोल जिले की नगर परिषद बकहो में कर्मचारियों के नियम विरुद्ध संविलियन की विभागीय जांच के बाद इन्हें बर्खास्त किया गया है। किसी स्तर पर अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।शहडोल में पदस्थ तत्कालीन सीएमओ जयदीप दीपांकर और तत्कालीन कार्यपालन यंत्री राकेश तिवारी के विरुद्ध भी विभागीय जांच के बाद दीर्घ-शास्ति का निर्णय लिया गया है। इनका प्रकरण परामर्श के लिए राज्य लोक सेवा आयोग को भेजा जा रहा है।उल्लेखनीय है कि इसी मामले में तत्कालीन संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास संभाग शहडोल मकबूल खान को विभागीय जांच के बाद 30 दिसंबर 2022 को सेवा से बर्खास्त किया जा चुका है।

**एक सीएमओ व दो उपयंत्री की सेवाएं समाप्त, तीन करोड़ की होगी वसूली**

# रायसेन में व्यापारी से वसूले थे पांच लाख

■ भोपाल, यशभारत।

मदुरै के व्यापारी को कार से अगवा कर 21 लाख की फिरौती वसूलने वाले बदमाश भोपाल के आसपास के जिलों में भी वारदात कर रहे थे। इस वारदात के राजफाश होने के बाद नया मामला रायसेन जिले का सामने आया है, जहां आंध्र प्रदेश के व्यापारी को इसी तरह से बुलाकर इस गिरोह ने पांच लाख वसूले थे। क्राइम ब्रांच के पास रायसेन से पहुंची और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली है, जबकि हरियाणा और बैरसिया निवासी एक आरोपित की पुलिस तलाश में लगी है, जल्द ही पुलिस हरियाणा जाने की तैयारी कर रही है। आने वाले समय में नए खुलासे सामने आ सकते हैं।हम बता दें कि मदुरै के प्लास्टिक व्यापारी वी सतीश को कच्चा माल देने का झांसा देकरा भोपाल बुलाकर उसका अपहरण कर 21 लाख रुपये वसूल किए थे, बाद में आरोपित की गाड़ी के नंबर से क्राइम ब्रांच ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया, उनके दो साथी फरार है। जबकि इस वारदात के पीछे हरियाणा के मेवात इलाके के बदमाशों ने भाड़े पर भोपाल के बदमाश से यह वारदात कराई थी, अब इस पूरे मामले का राजफाश होने के बाद भोपाल के आसपास के जिलों में इस प्रकार की वारदात की बात सामने आ रही है। पहला मामला रायसेन का भोपाल क्राइम ब्रांच के पास पहुंच गया है।पुलिस सूत्रों का कहना है कि इस गिरोह ने विदिशा, राजगढ़, रायसेन और सीहोर में इस प्रकार की वारदात की होंगी,लेकिन अभी तक वहां की पुलिस ने उनसे संपर्क नहीं किया है। इधर, क्राइम ब्रांच हरियाणा के गिरोह पर शिकंजा कसने की तैयारी में है और जल्द ही वहां के लिए रवाना होगी। पुलिस को जानकारी मिली है कि यह गिरोह पूर्व एटीएम काटने वाली वारदात से जुड़े हो सकते हैं।




# मेट्रो का मॉडल पहुंचा राजधानी देख सकेंगे लोग

■ भोपाल, यशभारत।

शहर में चलने वाली मेट्रो ट्रेन का मॉडल (माकअप) राजधानी पहुंच गया है। इस मॉडल को आम लोग देख सकेंगे। मेट्रो रेल प्रारंभ करने मप्र मेट्रो कार्पोरेशन द्वारा तेजी से बचे हुए काम पूरे किए जा रहे हैं। उधर मेट्रो रेल का स्वरुप अंदर से कैसे होगा, यह जानने के लिए इसका माडल (माकअप) शहर में पहुंच गया है। अब इसे श्यामला हिल्स स्थित स्मार्ट पार्क में रखा जाना है। जानकारी के अनुसार अभी इसे स्मार्ट पार्क में रखा जाएगा, लेकिन आमजनता इसे देख नहीं पाएगी। इसके पहले माकअप का अनावरण किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से इसका अनावरण करने के लिए समय लिया जाएगा। इसके बाद ही आम जनता के लिए इसे खोला जाएगा।मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि गुजरात के सांवली में एल्टसाम कंपनी ने मेट्रो के डिब्बों का निर्माण करने के लिए कारखाना लगाया है।

**सितंबर 2023 में होना है मेट्रो रेल का ट्रायल रन**


# मप्र में दीर्घावधि औसत से 13 प्रतिशत अधिक वर्षा

## अगले दो दिनों तक मौसम बना रहेगा साफ, फिर आएगा वर्षा का दौर

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश में अगले दो दिनों मौसम खुला रहेगा। मौसम विभाग ने अगले 24 से 48 घंटे के लिए कहीं भी तेज वर्षा के लिए अलर्ट जारी नहीं किया है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार एक जून से लेकर अभी तक प्रदेश के अधिकतर जिलों में सामान्य से अधिक वर्षा हो चुकी है। पूरे प्रदेश में दीर्घावधि औसत से 13 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई है। इसमें पूर्वी मध्य प्रदेश में 19 प्रतिशत और पश्चिम मध्यप्रदेश औसत से सात प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई है। प्रदेश में किसी प्रभावी मौसम प्रणाली के सक्रिय नहीं रहने से अब वर्षा की गतिविधियों में धीरे-धीरे कमी आने लगेगी। कुछ बादल छंटने से बीच-बीच में धूप भी निकलेगी। इस बीच कुछ जिलों में कहीं-कहीं छिटपुट बौछारें पड़ सकती हैं। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इस मौसम प्रणाली के आगे बढ़ने पर पांच-छह जुलाई से एक बार फिर प्रदेश में वर्षा की गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है। धार 13, इंदौर 5.2, मंडला 4.0, बालाघाट 2, पचमढ़ी 0.4 और जबलपुर में 0.2 एमएम वर्षा हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मध्य में हवा के ऊपरी भाग में बना चक्रवात कमजोर पड़कर उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश की तरफ चला गया है। इस चक्रवात से लेकर मणिपुर तक एक ट्रफ लाइन बनी हुई है।



## कांग्रेस युवाओं के लिए तैयार करेगी अलग से वचन पत्र

भोपाल (ईएमएस)। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश कांग्रेस युवाओं के लिए अलग से वचनपत्र तैयार करेगी। इसके लिए कांग्रेस युवाओं की चौपाल लगाएगी और इसमें सुझाव मांगे जाएंगे। कांग्रेस द्वारा प्रदेश के विश्वविद्यालयों, कालेजों सहित उन स्थानों पर युवा चौपाल लगाई जाएंगी, जहां बड़ी संख्या में युवा एकत्रित होते हैं। पार्टी सरकार में आने पर स्वरोजगार के लिए नई योजनाएं लागू कर ग्राम और कस्बा स्तर पर ही अवसर उपलब्ध कराने का वचन दे सकती है। प्रदेश कांग्रेस ने इस बार महिला, युवा और किसानों के लिए अलग-अलग वचन पत्र तैयार करने का निर्णय लिया है। राज्य और जिला स्तर पर वचन पत्र जारी होंगे। वहीं, प्रत्याशी अपने हिसाब से विधानसभा क्षेत्र का वचन पत्र तैयार कराएंगे।पार्टी सरकार में आने पर युवाओं के लिए क्या करेगी, इसका उल्लेख अलग से किया जाएगा। इसके लिए युवाओं से ही सुझाव लिए जाएंगे। वचन पत्र समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि वचन पत्र को लेकर हमारी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। जो नए सुझाव आए हैं, उसके आधार पर युवा और किसानों के लिए अलग से वचन पत्र तैयार होंगे।युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डा.विक्रांत भूरिया ने बताया कि युवाओं से चौपाल लगाकर सुझाव लिए जाएंगे। इसके आधार पर वचन पत्र तैयार होगा। जिस युवा से सुझाव लिया जाएगा, उसका पूरी जानकारी संगठन अपने पास रखेगा।

**युवाओं की चौपाल लगाकर मांगे जाएंगे सुझाव**

# सरकार तय नहीं कर पाई क्रमोन्नति देना है या पदोन्नति

## सालों बाद भी नहीं सुलझा शिक्षकों का मसला

■ भोपाल, यशभारत।

प्रदेश के हजारों शिक्षकों की समस्या सालों बाद भी नहीं सुलझ पाई है। पांच साल बाद भी सरकार तय नहीं कर पाई है कि शिक्षकों को क्रमोन्नति देना है अथवा पदोन्नति। प्रदेश के 80 हजार शिक्षक प्रदेश सरकार से मामले को सुलझाने की आस लगाए बैठे हैं। सूत्रों के अनुसार, वर्ष 2018 से यह नोटशीट मंत्रालय और लोक शिक्षण संचालनालय की बीच घूम रही है। इसबीच यह नोटशीट स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री इंदर सिंह परमार और प्रमुख सचिव रश्मि अरुण शमी के हाथों से भी गुजरी है। शिक्षक भी कई बार आंदोलन कर चुके, पर निर्णय नहीं हुआ। इसकी असल वजह कनिष्ठ अधिकारी को अपने अधिकार सौंपने की परंपरा है। इस कारण शिक्षकों को तीन से पांच हजार रुपये प्रतिमाह का नुकसान हो रहा है।



सरकार ने दो लाख 87 हजार शिक्षकों को वर्ष 2018 में नियमित किया है। इनमें से 80 हजार शिक्षक उसी साल 12 वर्ष की सेवा पूरी कर क्रमोन्नति के लिए पात्र हो गए। जनजाति कार्य विभाग ने तय समय पर लाभ दे दिया, पर स्कूल शिक्षा विभाग ने नहीं दिया। तब से शिक्षक लगातार लाभ देने की मांग कर रहे हैं। पहले क्रमोन्नति देने की बात हुई, पर बाद में कहा गया कि समयमान वेतनमान दिया जाना चाहिए। इससे शिक्षकों को ग्रेड-पे का नुकसान है, फिर भी वे तैयार हैं, नोटशीट भी चली, जिसमें कई बार सुधार भी हुआ, पर निर्णय नहीं हुआ। अब कहा जा रहा है कि सहायक, उच्च श्रेणी शिक्षक और व्याख्याता जैसी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों को क्रमोन्नति और उच्च माध्यमिक शिक्षक को समयमान वेतनमान का लाभ दे सकते हैं। यह मामला अधिकारियों में अधिकार के बंटवारे के कारण उलझा है। दरअसल, व्याख्याता का नियुक्तिकर्ता आयुक्त लोक शिक्षण है। ऐसे ही उच्च श्रेणी शिक्षक का संयुक्त संचालक और सहायक शिक्षक का जिला शिक्षा अधिकारी। पूर्व में आयुक्त ने अपने अधिकार प्रत्यायोजित कर संयुक्त संचालक और संयुक्त संचालक ने जिला शिक्षा अधिकारी को सौंप दिए। यानी जो काम आयुक्त का है।

# टीटी नगर में हाट नहीं लगाने देने पर फिर विवाद

■ भोपाल, यशभारत।

टीटी नगर में हाट बाजार को लेकर चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। जबकि इसको लेकर हाट बाजार के व्यापारियों और निगम अधिकारियों के बीच समझौता भी हो चुका है। इसके बावजूद रविवार को जब व्यापारी दुकान लगाने न्यूमार्केट के पास पहुंचे तो वहां पहले से ही मौजूद निगम कर्मचारियों ने व्यापारियों को दुकानें लगाने से मना कर दिया, जिससे व्यापारी विरोध में उतर आए। साथ ही अपना सामान सड़क पर फेंकते हुए यहां दुकानें लगाने से मना कर दिया। जिससे टीटी नगर क्षेत्र में रविवार को हाट बाजार नहीं लगा। बता दें कि न्यू मार्केट स्थित मल्टी लेवल पार्किंग के सामने और टीटी नगर स्टेडियम के पास बीते कई वर्षों से हाट बाजर लगाया जा रहा है। लेकिन यहां स्थान कम होने और यातायात बाधित होने की वजह से नगर निगम इस हाट बाजार को टीटी नगर स्टेडियम के पास बने स्मार्ट हाट में शिफ्ट करने जा रहा है। इसको लेकर व्यापारियों के बीच सहमति भी बनी थी।

# अचानक खोला कार का गेट, स्कूटर सवार महिला गिरी

■ भोपाल, यशभारत।

सड़क पर चार पहिया वाहन चालक कभी भी किसी स्थान पर चलाते समय या खड़े होते समय अपने वाहन का दरवाजा खोल देते हैं। इससे हादसे हो रहे हैं। ऐसा ही एक हादसा शाहपुरा में हुआ। सड़क पर खड़ी कार में बैठे एक शख?स ने अचानक कार का दरवाजा खोल दिया। इससे एक स्कूटर सवार महिला उससे टकरा गई और उसे चोट लग गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे के बाद कार मालिक से उसका विवाद भी हुआ।शाहपुरा पुलिस के मुताबिक अरेरा कालोनी निवासी 52 वर्षीय राजश्री सक्सेना पति प्रवीण सक्सेना गृहणी हैं। 30 जून को वह अपने एक परिचित से मिलने के लिए आकृति ग्रीन के लिए गई थीं। शाम को सात बजे वह वहां से वापस आ रही थी। वह रोहित नगर में मीराज शोरूम के सामने पहुंची और उसी दौरान सड़क पर खड़ी एक कार के बाजू से गुजरते वक्त अचानक कार चालक ने दरवाजा खोल दिया। दरवाजे से टकराने की वजह से वह स्कूटर समेत सड़क पर गिर गई और उनको सिर, चेहरा और हाथ-पैर में काफी चोट लग गई। उन्होंने कार चालक से विरोध किया तो आरोपित कार चालक और मीराज का मलिक उनसे विवाद करने लगा। काफी समझाने के वावजूद वह अपनी गलती मानने को तैयार नहीं हुआ तो राजश्री ने अपने पति को फोन कर बुलाया और शाहपुरा थाने जाकर उसकी शिकायत की। इस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। महिला को जेपी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार किया गया। फिलहाल आरोपित कार चालक की गिरफ्तारी नहीं हुई है। टीआइ शाहपुरा अवधेश भदौरिया ने बताया कि इस तरह से सड़क पर कार खड़ी कर अचानक से दरवाजा खोल देने से महिला को चोट लगी है। उसके बाद अभद्रता करने पर एफआइआर दर्ज कर ली गई है। इस प्रकरण में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जा रही है।



# आबकारी विभाग ने एक नामी पर्ची तस्कर को धर दबोचा

भोपाल (ईएमएस)। सहायक आबकारी आयुक्त भोपाल दीपम रायचूरा को काफी समय से सूचना मिल रही थी कि पंचशील, अप्सरा, सुभाष नगर, अशोका गार्डन, स्टेशन सहित पुराने भोपाल में एक नामी तस्कर छोटे तस्करों को पर्ची बांटकर अवैध मदिरा सप्लाई का कार्य कर रहा है। मुखबिर की सटीक सूचना पर आबकारी कन्ट्रोलर भोपाल सजेंद्र मोरी के नेतृत्व में गठित आबकारी टीम ने कोलार तिराहा, चूनाभट्टी में नाके बंदी में सागर पिता काशीराम सोनाने, उम्र-28 वर्ष निवासी ओम नगर, भोपाल के वाहन स्कूटी क्रमांक स्क04 क्र-4744 से दो झोलों में 330 पाव कुल 59.4 ब.ली. प्लेन देशी मदिरा बरामद की। आबकारी उपनिरीक्षक चन्दर सिंह ने म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(2) का प्रकरण कायम कर आरोपी को गिरफ्तार किया।आरोपी ने गहन पूछताछ में बताया कि एक नामी पुराना तस्कर जो पर्ची के माध्यम से अवैध शराब विक्रय करवाता है। उक्त सूचना पर तत्काल ही टीम का गठन कर प्रभात पेट्रोल पंप पर नाकेबंदी की तो नामी तस्कर वाहन ज्यूपिटर से झोलों में 84 बो. गोआ विदेशी मदिरा अपनी एक्टिवा से फेंककर भागने का प्रयास किया गया। तत्काल स्टॉफ द्वारा उसका पीछा कर मनप्रीत होटल के सामने घेराबंदी कर एक्टिवा सहित पकड़ा गया।

# एमबीबीएस और एमडी-एमएस की काउंसलिंग

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश के निजी और सरकारी मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस और एमडी-एमएस में प्रवेश के लिए काउंसलिंग इस माह दूसरे सप्ताह से कराने की तैयारी है। अब तक एमडी-एमएस (स्नातकोत्तर) में प्रवेश के लिए काउंसलिंग एमबीबीएस से पहले होती थी, पर इस बार एक ही समय पर करानी पड़ सकती है। वजह, एमडी-एमएस की काउंसलिंग में शामिल होने वाले उम्मीदवार अभी इंटर्नशिप कर रहे हैं। यह 24 जुलाई को पूरी होगी। इसके बाद ही वे काउंसलिंग में शामिल हो पाएंगे। इसके पहले पंजीयन शुरू कर दिया जाएगा। इस वर्ष से सतना के सरकारी कालेज में भी एमबीबीएस में प्रवेश शुरू होगा। इस तरह 14 सरकारी और 12 निजी मिलाकर 26 कालेजों में एमबीबीएस के प्रवेश के लिए काउंसलिंग होगी।

इसके पहले काउंसलिंग में इतने कालेज कभी शामिल नहीं हुए। उधर, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में भी इस वर्ष सरकारी और निजी कालेजों में सीटें बढ़ी हैं। सरकारी कालेजों में 200 से अधिक सीटें बढ़ गई हैं। काउंसलिंग के पहले अभी और सीटों की मान्यता आने की उम्मीद है। सबसे ज्यादा जीएमसी भोपाल में 72 सीटें बढ़ी हैं। चिकित्सा शिक्षा संचालनालय के अधिकारियों ने बताया कि काउंसलिंग की पूरी तैयारी है। आल इंडिया कोटे की सीटों की काउंसलिंग की तारीख घोषित होते ही राज्य कोटे की सीटों के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया जाएगा।

**एक ही समय पर हो सकती है**

# गैस पाइप लाइन डालने के बाद बिना रेस्टोरेशन छोड़ी 300 किमी सड़क

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी में थिंक गैस कंपनी ने पाइप लाइन डालने के बाद शहर की 300 किलोमीटर सड़कों को बिना मरम्मत छोड़ दिया। इसको लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए नगर निगम आयुक्त केवीएस चौधरी ने उक्त कंपनी को नोटिस भेजने के साथ पेनाल्टी भी लगाई। लेकिन इन सबका असर भी कंपनी प्रबंधन पर नहीं हुआ। अब वर्षा में कीचड़ और गड्ढों से भरी इन सड़कों पर चलने वाले राहगीर व वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। शहर के पास इलाके जैसे एमपी नगर, कस्तूरबा नगर, गौतम नगर, अरेरा कालोनी, शाहपुरा समेत अन्य कालोनियों में पाइप लाइन डालने के निए एक वर्ष पहले खोदाई की गई थी। कंपनी ने बीते आठ माह पूर्व ही इन क्षेत्रों में पाइप लाइन बिछाने का काम भी पूरा कर लिया। लेकिन खोदी गई सड़कों को बिना मरम्मत ही छोड़ दिया। अब इन सड़कों पर चलना जनता के लिए खतरे से कम नहीं है। उखड़ी सड़कों के बीच दो से चार फीट लंबे-चौड़े गड्ढे हो गए हैं। सड़क की डामर और गिट्टी उखड़ गई है। इनमें पानी भरा होने से सड़कों के गड्ढे समझ में नहीं आते। इसकी वजह से वाहन चालक रात के अंधेरे में दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।वर्षा के बाद शहर की सड़कों की हालत बद से बद्तर हो गई है। सड़क के बीचों बीच खोदाई से इनमें मिट्टी और कीचड़ भर गया है। इन सड़कों पर लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो रहा है। लेकिन इन सड़कों से रोज निकलने वाले नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी बेपरवाह बने हुए हैं। लेकिन ना तो संबंधित कंपनी से रेस्टोरेशन करवा रहे और ना ही निगम के मद से इन सड़कों का फिर से निर्माण किया जा रहा। पीडब्ल्यूडी की 24 सड़कों की नहीं की मरम्मत मुख्यमंत्री से शहर की सभी सड़कों की मरम्मत व निर्माण करने की चेतावनी दी थी। इसको लेकर पीडब्ल्यूडी और नगर निगम के साथ अन्य एजेंसियों की बैठक भी ली।



## जीआरएस की तर्ज पर स्थायी कर्मियों को भी सौगात दे सरकार

भोपाल(ईएमएस)। मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच ने प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर मांग की है कि सरकार ने जिस तर्ज पर प्रदेश के रोजगार सहायकों जीआरएस को 9000 रूपए वेतन में बढ़ोतरी की सौगात दी है। उसी तर्ज पर प्रदेश के इस स्थायी कर्मियों को भी सातवें वेतनमान की सौगात देने का निर्णय लिया जाए। इस निर्णय पर सरकार को ज्यादा वित्तीय बाहर भी नहीं आएगा। यदि सरकार कर्मचारियों को लाभ देने में दोहरे मापदंड अपनाने का काम करेगी तो प्रदेश के स्थायी कर्मी उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जाएंगे।मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि सरकार ने प्रदेश के आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं रोजगार सहायकों जीआरएस को वेतन में भीषण महंगाई के अनुरुप वृद्धि करके सौगात देने का काम किया है जो स्वागत योग्य है।

## विशेषज्ञों ने उठाए सवाल

# वन्यप्राणियों की सुरक्षा के लिए सरकार ने आखिर क्या दिया ?

■ भोपाल, यशभारत।

सेंट्रल इंडिया के जंगलों में संगठित शिकारी सक्रिय होने की आशंका पर छह राज्यों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। इसे लेकर वन्यप्राणी विशेषज्ञों ने सरकार के सुरक्षा के प्रयासों पर सवाल खड़े किए हैं।

उनका कहना है कि वन विभाग में 99 प्रतिशत कर्मचारी आज भी पैदल गश्त करते हैं। वन परिक्षेत्र अधिकारी (रेंजर) और एसडीओ को वाहन दिए हैं तो उनके पास कई काम हैं। वास्तव में जंगल और वन्यप्राणी रामभरोसे हैं। नारकोटिक्स विभाग के पास ब्लैक कैट कमांडो, रैपिड एक्शन पेट्रोलिंग वाहन हैं। वे तस्करों के घर में जाकर तलाशी के अधिकार रखते हैं, उन्हें पकड़ सकते हैं पर वन विभाग को यह अधिकार दिए हैं, तो बेहतर सुरक्षा व्यवस्था की उम्मीद कैसे की जा सकती है। सेवानिवृत्त आइएफएस डा़ रामगोपाल सोनी कहते हैं कि अरबों की संपदा और बाघ एवं अन्य दुर्लभ वन्यप्राणियों की सुरक्षा के लिए सरकार ने क्या दिया है? अगर विश्लेषण कर लें तो वन विभाग उस क्षमता से कहीं अधिक काम कर रहा है। जब किसी वन्यप्राणी का शिकार हो जाता है या बड़े स्तर पर जंगल कट जाता है, तब हौ-हल्ला मचता है, तमाम लोग कुछ दिन सक्रिय हो जाते हैं और फिर विभाग पैदल वनरक्षकों के सहारे हो जाता है। उसके पास एक लाठी भी नहीं है अकेले गश्त करता है।



अगर जंगल और वन्यप्राणियों को बचाना सरकार की प्राथमिकता में है, तो गश्ती वाहन अलग से दें, वन-वन्यप्राणी सुरक्षा पुरस्कार शुरू करें, जो संदिग्धों की सूचना देने वालों को दिया जाए। पेंच टाइगर रिजर्व और छिंदवाड़ा-बालाघाट में रहते हुए मैंने यह प्रयोग किया था और सफलता भी मिली। मेरे कार्यकाल में एक भी शिकार नहीं हुआ। मैंने वन्यप्राणी शाखा के अधिकारियों से मिला भी हूं और यह सुझाव लिखकर भी दिया है।

**भय के बगैर सुरक्षा संभव नहीं**

रातापानी अभयारण्य के संचालक रहे आरके दीक्षित कहते हैं कि डर के बगैर सुरक्षा नहीं की जा सकती है। अपराधियों में डर तो पैदा करना पड़ेगा और यह तभी संभव होगा, जब लोगों को लगे की आप कुछ कर सकते हैं। सरकार ने वनरक्षकों को बंदूक दीं पर चलाने के अधिकार नहीं दिए। टाइगर रिजर्व के लिए टाइगर स्ट्राइक फोर्स का गठन किया जाना था, जिसका सौ प्रतिशत आर्थिक भार केंद्र सरकार पर जाना था, वह भी गठित नहीं हुई। फोर्स जिन राज्यों में गठित हुई, वहां सुरक्षा की स्थिति अच्छी है।

# मठ ,मंदिरों, आश्रमों में गुरूजनों का पूजन , लिया आशीर्वाद



सिहोरा,यशभारत। असाढ मास की पूर्णिमा पर शिष्यों ने गुरूओं का चरण वंदन,पूजन, अर्चन कर गुरू पूर्णिमा मनाई । सुबह से ही मठ,मंदिरों एवं आश्रमों में गुरू भक्तों की भीड़ लगी थी। हाथ में नारियल, फूलमाला, मीठा, वस्त्र के अलावा फलफूल भेंटकर गुरू का आशीर्वाद लिया। गुरू भी अपने शिष्यों को देखकर अतिप्रसन्न दिखे। जिस प्रकार शिष्य गुरू के दर्शन के लिये आतुर होते है उसी प्रकार गुरू भी शिष्यो को देखकर उनका हालचाल पूछते है दोनों का प्रेम आज सभी मठ मंदिरों में देखने को मिला। अपने अपने गुरूओं के दर्शन के बाद शिष्यो ने भंडारे का प्रसाद गृहण किया। सभी शिष्य गुरु की चरण रज पाने आतुर नजर आये

### लोढा सिद्धन धाम कुर्रो

नगर का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल लोढा सिद्धन धाम जो कुर्रो पिपरिया के पास है जहां पहाडियों के बीच सुंदर मंदिर बनाया गया जिसे लोढा पहाड के नाम से जाना जाता है यहां तपस्वी गुरू सिद्धन वाले श्री श्री 1008 बालसंत सीताराम शरण जू महाराज का दर्शन करने हजारो शिष्य गण पहुंचे तथा पूजन अर्चन किया भक्तों ने श्री सीताशरण जू महाराज के भी दर्शन किए तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### कटावधाम में आयोजन

धर्म स्थली कटाव धाम में सियाबल्लभ दास जी वेदांती महाराज का शिष्यों ने पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जिसमें हरिनाम सेवा समिति कटावधाम के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर दिन भर श्री राम नाम का जप चलता रहा। संत श्री वत्स जी महाराज का भी उनके शिष्यों ने पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### शैलेश्वर धाम सैलवारा

शैलेश्वर धाम सैलवारा में ब्रम्हलीन संत प्रकाशवन अवधूत जी महराज की समाधी स्थल पर गुरू भक्तों का तांता लगा रहा भक्तों ने गुरु का पूजन कर आशिर्वाद प्राप्त किया तथा संत कैलाशानंद जी महाराज का भी दर्शन किया। भक्तों ने विशाल भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### श्री नृसिंह टेकरी खितौला

श्री नरसिंह टेकरी खितौला में श्रद्धा भक्ति से मनाई गई गुरु पूर्णिमा साकेत वासी श्री श्री 1008 श्री स्वामी द्वारका दास जी की साधना स्थली मे प्रातः 5 बजे भगवान की मंगला आरती के बाद महंत गोविंददास जी महाराज द्वारा पूजन अर्चन कर गुरू पूजन का शुभारंभ किया । भक्तों व शिष्यों के द्वारा पूजन कार्यक्रम देर रात तक अनवरत जारी रहा। भक्तों के लिए विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया ।

### कृष्ण कृपा धाम भेडा

सिहोरा के पास स्थित संत निकुंज कृष्ण कृपा धाम संत निकुंज भेडा में भक्तों ने संत ब्रम्हानंद दास जी महाराज का पूजन अर्चन किया एंव विशाल भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। यहां दिन भर धार्मिक आयोजनों की धूम मची रही।

### भरभरा आश्रम में उत्सव

भरभरा आश्रम में भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया यहां पर सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा 1008 संत श्री बनवारी दास जी महाराज का दूर दूर से आये शिष्यों ने गुरु पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा आयोजित विशाल भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

## गुरु पूर्णिमा पर दद्दा शिष्य मंडल ने किया रुद्री निर्माण एवं अभिषेक



गाडरवारा, यशभारत। स्थानीय जगदीश मंदिर के पीछे अपना पैलेस में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर परम पूज्य पंडित देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा जी के आशीर्वाद से दद्दा शिष्य परिवार द्वारा शिवलिंग निर्माण रुद्र अभिषेक एवं प्रसादी का आयोजन संपन्न हुआ । अपना पैलेस में सुबह से दद्दा शिक्षा मंडल एवं श्रद्धालु जनों ने शिवलिंग निर्माण प्रारंभ कर दिया था दोपहर 12:30 बजे अभिषेक एवं हवन किया गया द्य कार्यक्रम स्थल पर परम पूज्य पंडित देव प्रभाकर शास्त्री जी के तेल चित्र के समक्ष पूजा अर्चना की गई इसके साथ ही संगीतमय भजनों का आयोजन चलता रहा द्य श्रद्धालु जन भक्ति भाव के साथ शिवलिंग बनाते हुए नजर आए द्य रुद्राभिषेक के बाद प्रसादी का आयोजन किया गया इसके उपरांत विसर्जन कार्यक्रम संपन्न हुआ द्य गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में दद्दा शिष्य परिवार एवं धर्म प्रेमी जन उपस्थित रहे।

## ओशो सन्यासियों ने आनंद के साथ मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व



गाडरवारा(यशभारत) विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु एवं दार्शनिक ओशो की क्रीड़ा स्थली ओशो लीला आश्रम में तीन दिवसीय ध्यान शिविर स्वामी ध्यान आकाश के सानिध्य में आयोजित किया गया द्य गुरु पूर्णिमा के अवसर पर ओशो सन्यासियों द्वारा आश्रम में विभिन्न ध्यान विधियों को आत्मसात किया । प्रातः काल सुबह 6 से 7 तक सक्रिय ध्यान भजन कीर्तन के साथ दिन भर ध्यान की गतिविधियां चलती रही शाम 4 बजे से 5 बजे तक कुंडलनी शाम 6 से 8 बजे तक वाइट रोव, ब्रदर हुड सत्संग, ओशो प्रवचन के साथ भजन कीर्तन में मस्त होकर ओशो सन्यासियों ने आनंदमय गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया । इस अवसर पर नव सन्यासियों ने ओशो की दीक्षा ली । ओशो लीला आश्रम मे आयोजित शिविर में महाराष्ट्र उत्तर प्रदेश बिहार तथा मध्य प्रदेश क्षेत्रीय सन्यासी शामिल हुए ।



## ब्लॉक कांग्रेस ने मेघावी छात्र, छात्राओं का किया सम्मान

**बरेला, यशभारत।** बरेला नगर,व परिक्षेत्र के दसवीं, बाराहवीं में उत्कृष्ट अंकों से इस वर्ष प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों का सम्मान मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश पटेल ,विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत जबलपुर उपाध्यक्ष विवेक पटेल,कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस बरेला सतेन्द्र गर्ग व आमंत्रित अतिथि ई.एस. जोशुवा, मयंक साहू,रमाकांत पांडे, मुकेश पटेल, नरेश पटेल, विपिन झारिया, शेख सलीम, पार्षद भूपेन्द्र यादव, पार्षद रश्मि संजना भाई साब पटेल, रामजी रैकवार, विजय जैन,अनुराग पटेल, सारिका गौर, ने सामुदायिक भवन बरेला में शिक्षा की देवी मां सरस्वती के तेलचित्र पर दीप प्रज्वलित व बंदना कर सम्मान समारोह का शुभारंभ किया छात्र, छात्राओं को श्री पटेल ने स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र भेंट कर संम्मानित व उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर जहीर अहमद, राजीव गौतम, सागर नामदेव, कपिल पटेल, तरुण बर्मन, साकेत नामदेव, नितिन विश्वकर्मा, दीपक पांडे, सागर सिंह गौर, बालामहाराज, सुमन बर्मन, जितेंद्र पटेल, रामस्वरूप पटेल, सत्यप्रकाश पटेल, दादूराम यादव, कुंवर लाल पटेल, मुन्ना पटेल, बाबू कलाम, आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन व आभार पहुंचे सभी लोगों का शहीद खान तोले ने आभार व्यक्त किया।

## संस्कार भारती ने कलाकारों एवं प्रबुद्ध जनों का किया सम्मान

**बरेला, यशभारत।** संस्कार भारती बरेला द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नगर के कलाकारों एवं प्रबुद्ध जनों का घर घर जाकर साल श्रीफल से सम्मानित किया सम्मानित सदस्यों में महेश मानव रामरतन चौबे संतोष सरगम श्रीमती सुधा केवट नोखे लाल कुशवाहा विनय पांडे संस्कार भारती के नगर अध्यक्ष प्रेम दास रामायणी उदय राम साहू समर पटेल शुभ संदेश सिंगौर संतोष झारिया अनिल जैन प्रकाश चक्रवर्ती धरम दास बैरागी रजनीश माझी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# श्रृद्धावान ही ज्ञान का अधिकारी बनता है

**पाटन, यशभारत। नगर की प्रतिष्ठित संस्था ओंकार नामदेव विद्या मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर्व पुरोहित पूजन एवं छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह के साथ मनाया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता संचालन समिति अध्यक्ष ठाकुर रणधीर सिंह ने. की समिति सदस्य घनश्याम बबेले विशिष्ट अतिथि थे वक्ताओं ने गुरु के महत्त्व बताते हुए कहा. कि गुरु. अपने. शिष्य में गुणों को उतपन्न के लिए ब्रह्मा, उसके गुण की वृद्धि के लिए विष्णु, और उसके दुरगुणों को. नष्ट करने के लिए शंकर के समान है, गुरु. पर श्रद्धा भाव रखकर ही ज्ञान. प्राप्त किया जा. सकता. है।**



ज्ञान विस्तारक महर्षि वेद व्यास की जयंती पर नगर के विद्वान पं राजाराम त्रिपाठी व मंदिर पुजारी पं कृष्ण कुमार दुबे को वस्त्र श्री फल आदि भेंटकर सम्मानित किया गया। कक्षा पाँचवी, आठवीं ,10 वीं एवं 12 वीं के छात्रों को डॉ जानकी प्रसाद स्मृति पुरस्कार संचालक डॉ विष्णु दत्त त्रिपाठी, दुलारी. बाई. अग्रवाल स्मृति संचालक संतोष अग्रवाल, ठाकुर भूपति सिंह स्मृति संचालक चंद्रशेखर सिंह, ठा अजय सिंह स्मृति संचालक कृष्णशेखर सिंह, ठा गुलाब सिंह स्मृति संचालक सुरेंद्र सिंह, स्व दया शंकर पचौरी स्मृति संचालक महेश नारायण पचौरी व बंधु आदि पुरस्कार प्रदान किये गए ये पुरस्कार क्रमशः अवनि पांडे, कंचन चढ़ार, शेख रहमान, अनुराधा झरिया. व तनु मेहरा ने जीते जबकि समाजसेवी बालचंद्र जैन द्वारा कालेज. टापर को दिया जाने वाला पुरस्कार अंजना पटेल ने. जीता इस. अवसर पर प्राचार्य विष्णु पाठक, प्रधानाचार्य हरिनारायण कुररिया,आचर्य परिवार और अभिवावक गण उपस्थित थे।

## मौसी के घर से अपने घर लौटे भगवान जगन्नाथ

**बरेला।** भगवान जगन्नाथ के मौसी घर से अपने घर लौटने के आयोजन को भव्यता प्रदान करते हुए नगर वासियों ने असाधारण माहौल निर्मित किया कि आज संपूर्ण नगर जगन्नाथ धाम बन गया। सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने राम जानकी मंदिर से कुंडा स्थित मां कर्मा देवी जगन्नाथ स्वामी. मंदिर तक भगवान जगन्नाथ के रथ को अपने हाथों से खींचकर धार्मिक परंपरा का निर्माण किया।श्री भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा को नगर वासियों द्वारा जगह-जगह रोककर पूजन अर्चन किया गया। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा को. श्री जगन्नाथ स्वामी मां कर्मा देवी मंदिर समिति मां कर्मा देवी युवा मंडल मां कर्मा देवी महिला मंडल द्वारा प्रतिवर्ष निकाला जाता है.

# हाल–बेहाल : नपा की टंकी का रिस रहा पानी, फिसलकर गिर रहे लोग

**सिहोरा, यशभारत।** आमजन की सुविधा की लिए करीब दो शाल पहले लगभग दो लाख की लागत से बनाई गई खितौला बस स्टेंड में पानी की टंकी से बहाये जा रहे पानी के सड़क में फैलने के कारण उसमें फिसलकर वहां से निकलने वाले आम नागरिक और वही पास में स्थित यशोदा बाई कन्या शाला स्कूल के छात्र गिर रहे हैं । टंकी के चहुंओर इतनी गंदगी है की कोई उसका पानी पीने के लिए उपयोग नहीं करता बस हर समय लोग मुंह या हाथ पैर धोते नजर आ जायेंगे वहां आस पास के लोग दुकानदार बस वाले अपनी गाड़ी की वासिंग भी करते है तथा स्कूल के पास अवैध तरीके से वाहन हाथ ठेला खड़े किए जाते हैं जिससे भी लोगों को भारी परेशानी हो रही है लोगों का कहना है कि जब इस पानी टंकी के



खितौला बस स्टेंड का मामला

पानी का कोई उपयोग ही नहीं है तो क्यों नगर पालिका द्वारा इसे यहां रखा गया है इसे हटा देना चाहिए जिससे कम से कम लोग फिसलकर गिरेंगे तो नहीं। टंकी के ठीक सामने सामुदायिक भवन में नगर पालिका का अघोषित मिनी कार्यालय है और वहां भी लोग आते हैं और वो भी इसके बेवजह बहते पानी को देखते है सबसे बड़ी बात तो यह है कि टंकी से गिरकर सड़क में फैल रहा फालतू पानी नगर पालिका के कर्मचारियों को नहीं दिख रहा है। इस संबंध में अनेक बार वहां के लोगों ने नगर पालिका के कर्मचारियों से बोला है पर आज तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। वहां के लोगों ने नगर पालिका से मांग की है कि या तो टंकी से गिर रहे पानी की निकासी की व्यवस्था कराई जायें या नगर पालिका उसे हटा लें नहीं तो किसी दिन कोई गंभीर घटना घट सकती है।

## जैविक यूनिट इकाई की हुई स्थापना



**पाटन, यशभारत।** प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती को बढ़ाने के लिए ग्राम फुलर मैं जैविक कृषि पाठशाला एवं जैविक खेती हेतु जीवामृत बनाने के लिए यूनिट की स्थापना कृषि अधिकारियों की उपस्थिति में की गई इस दौरान जैविक खेती के लिए उपयोगी जैविक यूनिट जोकि बायो डाइजेस्टर टैंक के रूप में होती है जिसमें एक बार में 3600 लीटर जीवामृत का घोल बनाया जा सकता है जैविक खेती के लिए उपयोगी सिद्ध होगी बही जैविक पाठशाला के अंतर्गत कृषि विशेषज्ञ रजनीश दुबे ने बताया कि कृषि भूमि में जैविक कार्बन वृद्धि से ही भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाया जा सकता है यदि कृषक जीवामृत नैनोफास्ट सूक्ष्म पोषक तत्व घोल का उपयोग खेतों में करते हैं तो उत्पादन मैं भी बढ़ोतरी होती है यूनिट की स्थापना होने से किसानों को कम शुल्क में जीवामृत का घोल प्रत्येक फसल के लिए मिल सकेगा जिससे कि जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा इस दौरान संयुक्त संचालक कृषि एके नेताम परियोजना संचालक डॉ एसके निगम पाटन अनुविभागीय अधिकारी कृषि डॉ इंद्रा त्रिपाठी के साथ जैविक कृषक विनय ठाकुर के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे।

## ग्रामीण मंडल गोसलपुर में पौधारोपण



**सिहोरा, यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 9 शाल पूरे होने पर एक माह तक चलाये गये घर घर सम्पर्क सहित अन्य अभियान के तहत भाजपा ने विधायक नंदनी मरावी की उपस्थिति में सिहोरा विधानसभा में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजन के घर पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना। इसी के तहत भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल गोसलपुर द्वारा गत दिवस स्वच्छता अभियान चलाकर गोसलपुर में पौधारोपण किया।इस अवसर पर भाजपा जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल,गोसलपुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जनपद उपाध्यक्ष दिलीप पटेल सहित अनेक भाजपा मंडल पदाधिकारी एंव कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री का तेंदूखेड़ा हेलीपेड पर आत्मीय स्वागत

**नरसिंहपुर यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का तेंदूखेड़ा हेलीपेड पर आगमन पर यहाँ मौजूद लोकसभा सांसद राव उदय प्रताप सिंह, राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री का सोमवार की दोपहर लगभग दो बजे आगमन हुआ। उनके साथ श्रीमती साधना सिंह, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. विश्वास सारंग व रामपाल सिंह थे। हेलीपेड पर कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, पूर्व विधायक भैयाराम पटैल, श्रीमती साधना स्थापक, अभिलाष मिश्रा, डॉ. हरगोविंद पटैल, राजीव सिंह ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

हेलीपेड के समीप मंडी प्रांगण में रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं द्वारा उनके हित में लिये गये निर्णयों के लिए मुख्यमंत्री श्री चौहान को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह व अभिनंदन पत्र भेंट कर उनका आभार जताया।



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में रोजगार सहायकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की विशेष भूमिका है। उल्लेखनीय है कि विगत दिवस मुख्यमंत्री ने रोजगार सहायकों को मिल रहे मानदेय में वृद्धि करने की घोषणा की थी। उन्होंने 9 हजार रुपये मासिक मानदेय के स्थान पर 18 हजार रुपये मानदेय देने, सामान्य अवकाश सहित प्रसूति अवकाश, मातृत्व अवकाश के साथ ही पितृत्व अवकाश प्रदान करने की घोषणा की थी। पंचायत सचिव की नियुक्ति में 50 प्रतिशत स्थान रोजगार सहायकों के लिए सुरक्षित रहेंगे। इसी प्रकार मध्य प्रदेश आँगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका महासंघ के सम्मेलन में मुख्यमंत्री द्वारा आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय 10 हजार रुपये से बढ़ा कर 13 हजार रूपए करने, इंसेंटिव के रूप में प्रतिवर्ष होगी 1000 रूपए की वृद्धि करने, मिनी आँगनवाड़ी कार्यकर्ता को मिलेगा 6 हजार 500 रूपये प्रतिमाह मानदेय देने और सहायिका से आँगनवाड़ी कार्यकर्ता पर पदोन्नति के लिये 50 प्रतिशत पद आरक्षित करने की घोषणा की थी। इसके अलावा श्री चौहान ने आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सेवानिवृत्त होने पर एकमुश्त एक लाख 25 हजार रूपए और सहायिकाओं को एक लाख रूपए उपलब्ध कराए जाने और शासकीय कर्मचारियों की तरह उन्हें 5 लाख रूपए का स्वास्थ्य और दुर्घटना बीमा कराने की घोषणा की थी।

# गुरू पूर्णिमा के अवसर पर जगह-जगह हुआ गुरू पूजन

**तेंदूखेड़ा,यशभारत।** गुरु पूर्णिमा गुरु पूजन के महापर्व पर श्रद्धालुओं ने अपने अपने गुरुओं के यहां पंहुचकर पूजन अर्चन कर आर्शीवाद ग्रहण किया। ललिता घाट कैलाश कुटी श्री राजराजेश्वरी मंदिर में स्वामीजी महाराज हीरापुर वालों के पादुका पूजन हेतु बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर स्वामीजी महाराज का पादुका पूजन किया गया। सुबह से लेकर देर रात्रि तक मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही वहीं भंडारें का आयोजन भी दिन भर चला। सुबह से ही लोग बड़ी संख्या मे नर्मदा स्नान कर पूजन अर्चन मे संलग्न देखे गये। गायत्री परिवार के द्वारा भी प्रातः 5 बजे से 7 बजे तक सामूहिक साधना की गई। तथा यज्ञ हवन पूजन संपन्न हुआ। नगर के वार्ड क्रमांक 15 कठोतिया में कबीर पंथी गुरु समाधि स्थल पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भंडारे का आयोजन किया गया । नगर के बीच स्थित श्री सांई मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरू पूर्णिमा के अवसर पर वार्षिक उत्सव समारोह पूर्वक धूम धाम से मनाया गया। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार सुबह 9 बजे से 12 बजे तक हवन पूजन एवं दोपहर 1 बजे से सांईनाथ महाराज की डोल डमाल एवं भव्य आकर्षक झांकियों के साथ विशाल शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। जिसमे बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर परिसर मे महाप्रसादी का वितरण भी किया गया। तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय शर्मा ने अपने साथियों के साथ रावतपुरा सरकार के चातुर्मास कलश स्थापना स्थल रायपुर पंहुचकर संत शिरोमणि रावतपुरा सरकार के दर्शन कर पूजन अर्चन करते हुये आर्शीवाद ग्रहण किया।

## चोरों से क्षेत्रीयजन त्रस्त, करेंगे आंदोलन



**मझौली, यशभारत।** मझोली पाटन विधानसभा के ग्राम पोंड़ी जो कि सिहोरा थाने के अन्तर गत आता है ग्रामीण जन आए दिन होने वाली चोरी से परेसान है। पाटन विधानसभा से अपनी उम्मीदवारी रख रहे कॉग्रेस के क्षेत्रीय नेता राजेश तिवारी जनसंपर्क के दोरान पोंड़ी पहुंचे तब ग्राम वासियों ने अपनी समस्या से अवगत कराया। लगातार हो रही चोरियों के बाद भी पुलिस प्रशासन चुप्पी साधे हुए है । राजेश तिवारी ने ग्रामीण जनों को आश्वासन दिया कि यदि शीघ्र ही आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होती तो जन आंदोलन करेंगे।

## महामय नंदीश्वर विधान का हुआ समापन



**पनागर , यशभारत।** अष्टानीका महापर्व केअंतिम दिन महामय नंदीश्वर विधान महिला मंडल के द्वारा बाजार स्थित श्री 1008 नेमिनाथ जिन मंदिर में भक्ति भाव से संपन्न हुआ प्रातः काल भगवान का अभिषेक शांतिधारा की गई तत्पश्चात पूजन एवं विधान की सभी क्रियाएं संपन्न कराई गई अंत में हवन के साथ विधान का समापन हुआ जिसमें वरिष्ट जन भी शामिल थे महिला मंडल की समस्त महिलाएं सहित वरिष्ठ जन, भी सम्मिलित होकर धर्म लाभ लिया कार्यक्रम में महिला मंडल की सरला मोदी,शकुन मोदी,किरण मोदी, राजकुमारी चौधरी, विमला खजांची, मणी सिंघई, उषा सिंघई, सुसीमा मोदी महिला मंडल की अध्यक्ष श्री मति समीक्षा चौधरी,सचिव श्री मति रजनी मोदी, सालनी लसगरी मनोज राजीव चौधरी सहित समाज की बच्चियां ने भी भाग लिया।

## मुस्लिम त्यौहार कमेटी के पदाधिकारियों की हुई घोषणा

गाडरवारा, यशभारत। आल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीरे जदा कयलद मिल्लद हाजी डॉ, ओशाफ शाहमिरी खुर्रम चिश्ती की सहमति से शहर मुस्लिम त्योहार कमेटी के अध्यक्ष मुजीब खान चिश्ती ने शहर कमेटी का विस्तार करते हुए नियुक्तिया की है । जिसमें सरपरस्त एवं निगरा, सलाहकार कमेटी बनाई गई है मुस्लिम त्योहार कमेटी वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन में अपना काम करेगी द्यसंरक्षक मंडल एवं निगरानी कमेटी में वरिष्ठ नेता एच बी रफीक, अब्दुल फिरोज खान, असलम खान, महमूद पहलवान, सलाहकार कमेटी में हाजी हसीब खान , शेख रहीम चिश्ती, अकरम खान , सैयद अशिक अली कासिम अली, ,चिराग अली , गुडडू कुरैशी , उपाध्यक्ष पद पर अशिक हुसैन, महासचिव रमजान खान , आजम खान, सचिव इमरान ताजी ,सज्जाद अली, सह सचिव लकी अली , आमिर खान, तुराब खान नियुक्त किए गए है।

# मध्यप्रदेश सिलावट समाज की चुनाव प्रक्रिया पूर्ण : अध्यक्ष की हुई नियुक्ति

**गोटेगांव, यशभारत।** मध्यप्रदेश सिलावट समाज द्वारा म.प्र.के प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव हेतु सिलावट समाज के प्रदेश अध्यक्ष के संबंध में बैठक रखी गई। जिसमें 24 जून 2023 से 25 जून तक प्रदेश अध्यक्षों के 6 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन फार्म भर कर जमा किए। नियत तिथि 26 जून 2023 को सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्षों के 5 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन फार्म वापस लिए ।शेष एक प्रत्याशी परम सिंह सिलावट का नामांकन शेष रहा। उक्त स्थिति को देखते हुए मध्य प्रदेश सिलावट समाज चुनाव समिति के मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह छिरा एडवोकेट निर्वाचन समिति सदस्य ,नारायण पिपरोलिया ,परसराम छिरा पंचम सिंह ,कैलाश सिंह विंडवार ने 2जुलाई दिन रविवार को नियमानुसार एवं विधिवत परम सिंह सिलावट( ठेकेदार ) को मध्यप्रदेश सिलावट समाज का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। सिलावट समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक स्थान गांधीवार्ड अंबेडकर भवन में आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष टावल सिंह के कार्यो को देखते हुए, समाज के लोगों ने टावल सिंह को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव पास करके सिलावट समाज निर्वाचन समिति के सामने पेश किया। जिसमें सिलावट समाज निर्वाचन समिति ने सहमति देते हुए टावल सिंह सिलावट को सिलावट समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने तक सिलावट समाज का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है ।

उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष को संविधान की शपथ दिलाई गई। बैठक में सर्वप्रथम भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन अर्चन किया । जिसके बाद युवा नेता स्वर्गीय मणिनागेंद्र सिंह पटेल मोनू भैया को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उनके कार्यो को याद कर स्थान नया बाजार गोटेगांव में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जो प्रतिमा स्थापित की गई ,उसमें स्वर्गीय मणिनागेंद्र सिंह पटेल, मोनू भैया का विशेष योगदान रहा। बैठक में उप. वरिष्ठ समाजसेवी रेवाराम असैया , राजाराम कस्तवार , गौरीशंकर सिलावट , जिला अध्यक्ष नरसिंहपुर, दौलत सिंह राजोरिया जी जिला अध्यक्ष जबलपुर, रंजीत पिपरोलिया शिक्षक ने अपने उद्बोधन दिए कार्यक्रम का संचालन पूर्व पार्षद जितेंद्र चांदोरिया के द्वारा किया गया । बैठक का समापन आभार पार्षद दीनू छिरा के द्वारा किया गया ।

# दूसरा टेस्ट जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया को लगा बड़ा झटका, मैच विनर प्लेयर बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच इस वक्त एशेज सीरीज खेली जा रही है। इसे दुनिया की सबसे बड़ी टेस्ट सीरीज माना जाता है। इस बीच पांच मैचों की सीरीज के दो मुकाबले खेल जा चुके हैं और दोनों मैच जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने अच्छी बढ़त बना चुकी है। लेकिन दूसरा मुकाबला जीतने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम को एक बड़ा झटका लगा है। ऑस्ट्रेलिया के लिए लगातार 100 टेस्ट मैच खेलने वाले स्पिनर नाथन लायन बाकी बचे हुए मैचों से बाहर हो गए हैं। सीरीज के दूसरे मैच के दौरान उन्हें चोट लगी थी, ऐसे में इस बात की आशंका पहले ही जताई जा रही थी, लेकिन अब इस पर मोहर भी लग गई है।



### नाथन लायन पूरी एशेज सीरीज से हो गए हैं बाहर

ऑस्ट्रेलिया के ऑफ स्पिनर नाथन लायन पिंडली की चोट के कारण एशेज सीरीज के बचे हुए मैचों से बाहर हो गए हैं। नाथन लायन को लॉर्ड्स टेस्ट के दूसरे दिन फील्डिंग करते समय चोट लगी थी। इसके बाद उन्होंने मैच में गेंदबाजी नहीं की, लेकिन लड़खड़ाते हुए बल्लेबाजी करने उतरे और दूसरी पारी में मिशेल स्टार्क के साथ अंतिम विकेट के लिए 15 रन जोड़े। सीरीज का यह दूसरा टेस्ट नाथन लायन का ऑस्ट्रेलिया के लिए लगातार 100वां टेस्ट था। इससे पहले पहले केवल पांच खिलाड़ी ही ऐसा करने में कामयाब हुए हैं। इसमें पहला नाम एलिस्टर कुक का आता है, इसके अलावा एलन बॉर्डर, मार्क वॉ, सुनील गावस्कर और ब्रेंडन मैकुलम भी ऐसा करने में कामयाब रहे हैं। लेकिन अब वे 101वां मैच लगातार नहीं खेल पाएंगे, ये भी पक्का हो गया है।

### एशेज में वापसी करने का इंग्लैंड के पास आखिरी मौका

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के तुरंत बाद एशेज सीरीज शुरू हुई थी। जहां पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया ने दो विकेट से अपने नाम किया , वहीं दूसरा मैच में भी इंग्लैंड को 43 रन से हार का सामना करना पड़ा। अब पांच मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की 2-0 से लीड बन चुकी है और इंग्लैंड के पास वापसी का केवल एक ही मौका और बचा है। इंग्लैंड के लिए दिक्कत की बात ये भी है वो अपने घर पर इस बार एशेज खेल रही है और लगातार दो मैच हारने के बाद टीम की आलोचना भी हो रही है। देखना होगा कि जब तीसरे मैच में दोनों टीमें आमने सामने होंगी तो किसी रणनीति के साथ मैदान में उतरती हैं।

### ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज सीरीज का तीसरा मुकाबला छह जुलाई से खेला जाएगा

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज सीरीज का तीसरा मुकाबला 6 जुलाई से शुरू होगा, जो हेडिंग्ले में खेला जाएगा। ऐसे में नाथन लायन की जगह टॉड मर्फी का इस मैच की प्लेइंग इलेवन में खेलना करीब करीब पक्का है। करीब 22 साल के टॉड मर्फी इससे पहले जब ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत के दौरे पर आई थी, तब प्लेइंग इलेवन में खेल रहे थे और अच्छा प्रदर्शन भी करने में कामयाब रहे थे। उस वक्त चार टेस्ट मैचों में 25.21 की औसत से 14 विकेट उन्होंने अपने नाम किए थे।

## अब अगले माह विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भाग लेंगे नीरज

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा अब बुडापेस्ट में 19 अगस्त से होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भाग लेंगे। नीरज डायमंड लीग के लुसाने चरण में शीर्ष पर रहे हैं। अब वह सीधे विश्व चैम्पियनशिप में ही नजर आयेंगे। चोपड़ा इस बीच किसी और प्रतियोगिता में भाग नहीं लेंगे। चोट के कारण करीब एक महीने तक खेल से दूर रहे चोपड़ा ने डायमंड लीग के लुसाने चरण में 87.66 मीटर तक भाला फेंककर लगातार दूसरी बार शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने मौजूदा सत्र में पांच मई को दोहा में हुए शुरुआती डायमंड लीग में भी शीर्ष स्थान हासिल किया था। लुसाने में जीत दर्ज करने के बाद चोपड़ा ने कहा कि मेरे लिए बुडापेस्ट में होने वाली अगली प्रतियोगिता काफी अहम होगी। मैं यहां जीतना चाहता था, इसलिए मैं परिणाम से बहुत खुश हूं लेकिन मैं फिर से अभ्यास करना चाहता हूं। मैंने कुछ खामियों को महसूस किया है और उसमें सुधार करना चाहता हूं। इससे मेरा खेल बेहतर होगा। लुसाने मेरे लिए हमेशा अच्छा रहा है। पिछले साल भी मैंने यहां जीत दर्ज की थी और इस साल भी ऐसा ही हुआ।

## बांग्लादेश दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान, स्टार तेज गेंदबाज और विकेटकीपर को किया गया बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम को इसी महीने बांग्लादेश का सामना करना है। इस टूर के लिए सेलेक्टर्स ने भारतीय स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। लेकिन सेलेक्टर्स ने इस टूर के लिए कई स्टार खिलाड़ियों को स्क्वॉड से बाहर रखा। जिसमें एक नाम स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष का भी है।

### बांग्लादेश टूर के लिए टीम का ऐलान

भारत ने 9 जुलाई से मीरपुर में शुरू होने वाले बांग्लादेश के सीमित ओवरों के दौरे के लिए 18 सदस्यीय भारतीय महिला क्रिकेट टीम की घोषणा की, जिसमें दाएं हाथ की तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और विकेटकीपर ऋचा घोष को बाहर रखा गया। इन दोनों के अलावा युवा ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल को नजरअंदाज किया गया। भारतीय टीम को बांग्लादेश के खिलाफ तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही वनडे मैच खेलने हैं।

### शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में खेले जाएंगे मैच

सभी 6 मैच मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम (एसबीएनसीएस) में खेले जाएंगे। हरमनप्रीत कौर टीम का नेतृत्व करेंगी, जबकि स्मृति मंधाना उपकप्तान हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज घोष को बाहर किया जाना आश्चर्यजनक है। इसके लिए कोई कारण भी नहीं बताया गया है।



### भारतीय टी20 टीम इस प्रकार है

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, देविका वैद्य, उमा छेत्री (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, एस मेघना, पूजा वस्त्राकर, मेघना सिंह, अंजलि सरवानी, मोनिका पटेल, राशि कनौजिया, अनुषा बारेड्डी, मिन्नू मणि।

### भारतीय वनडे टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, देविका वैद्य, उमा छेत्री (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, प्रिया पुनिया, पूजा वस्त्राकर, मेघना सिंह , अंजलि सरवानी, मोनिका पटेल, राशि कनौजिया, अनुषा बारेड्डी, स्नेह राणा।

# मप्र के ऐश्वर्य और आशी एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप में साधेंगे निशाना

**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने एक बार पुनः अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित कर दी है। मप्र के दो निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और आशी चौकसे ने चीन में सितंबर 2023 में आयोजित होने वाल एशियन गेम्स और अजरबेजान के बाकू शहर में अगस्त में होने वाली आईएसएसएफ़ वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में अपनी जगह बना ली है। यह दोनों निशानेबाज मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के है। अब यह दोनों शूटर्स इन दो प्रतिष्ठित आयोजन में प्रदेश का परचम फहराने को तैयार है। अकादमी के ऐश्वर्या प्रताप सिंह पुरूष वर्ग में 10 मीटर एयर राइफ़ल एवं 50 मीटर थ्री पोजीशन इवेंट में अपना कौशल दिखाएंगे। वहीं आशी चौकसे ने महिलाओं की10 मीटर एयर राइफल एवं 50 मीटर थ्री पोजीशन इवेंट में भागीदारी करेंगे।





भारतीय राइफल एसोसिएशन ने इन दो प्रतिष्ठित खेल आयोजन के लिए भारतीय टीम घोषित की है। ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने टोक्यो ओलिंपिक में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया था और वर्ल्ड चैंपियन में देश के लिए पदक जीत चुके है। एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी उनसें देश को पदक की उम्मीद है। खेल यशोधरा राजे सिंधिया ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह हमारे लिए फर्क की बातें है। ये प्रमाणित करता है कि मध्य प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कंपीट करने के लिए सभी सुविधाएं प्रशिक्षण और सकारात्मक माहौल दिया जाता है। उन्हाने कहा कि मुझे उम्मीद है कि दोनों खिलाड़ी इन अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में मध्य प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे।

## शुभमन, रोहित और जडेज जैसे खिलाड़ी विश्वकप के लिए अहम रहेंगे : हरभजन

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने अक्टूबर नवंबर में भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर कहा कि युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल इसमें अंतर पैदा कर सकते हैं। हरभजन ने कहा कि अगर इस खिलाड़ी को अवसर नहीं मिले तो ये भारतीय टीम के लिए ही नुकसान देह रहेगा। हरभजन ने कहा, अगर आपकी शुरुआती साझेदारी की बात करें तो काफी कुछ कप्तान रोहित शर्मा पर आधारित रहेगा। वहीं अपनी धरती पर शुभमन भी अहम भूमिका निभा सकते हैं। इसका कारण है कि वह भारतीय हालातों में बहुत अच्छी बल्लेबाजी करते हैं। जहां तक रोहित की बात हैं। उन्होंने विश्व कप 2019 में सबसे ज्यादा रन बनाये थे, जहां उन्होंने 10 पारियों में 81 की औसत से 648 रन बनाए। इस बार भी वह अपने उसी प्रदर्शन को दोहराने का प्रयास करेंगे।

# लॉर्ड्स लॉन्ग रूम में ख्वाजा से फैंस का विवाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बीच एशेज में लिया बड़ा फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशेज के दूसरे टेस्ट में एक रोमांचक मुकाबले के बाद 43 रन से हरा दिया। इस मैच की चौथी पारी में इंग्लैंड की टीम 371 रनों का पीछा कर रही थी। लेकिन इंग्लैंड की टीम सिर्फ 327 रन बना पाई। लेकिन आखिरी दिन लंच के वक्त कुछ ऐसा हुआ जिससे बवाल मच गया। दरअसल लॉर्ड्स के फेमस लॉन्ग रूम में उस्मान ख्वाजा के साथ दर्शकों का कुछ विवाद हुआ जिससे बवाल मच गया।

### क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया करेगा जांच

लॉर्ड्स के लॉन्ग रूम में उस्मान ख्वाजा की एक दर्शक से झड़प के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस मामले की जांच की मांग की है। टेस्ट के पांचवें दिन जब ऑस्ट्रेलिया लंच के समय पवेलियन लौट रही थी तो ऑस्ट्रेलियाई ओपनिंग बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को सदस्यों के क्षेत्र में एक दर्शक के साथ बहस करते देखा गया। ख्वाजा के बाद डेविड वॉर्नर भी विवादों में थे और इस घटना ने कई क्रिकेट फैंस और विशेषज्ञों का ध्यान खींचा।



### दर्शकों के साथ हुआ विवाद

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के बयान में कहा गया है कि यह आरोप है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाड़ियों और कर्मचारियों के साथ मौखिक रूप से दुर्व्यवहार किया गया, साथ ही कुछ के साथ शारीरिक संपर्क किया गया। एमसीसी ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से माफी मांगी। इस बीच, एमसीसी के प्रवक्ता ने भी इस घटना पर खुलकर बात की और विवाद पर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से माफी मांगी। एमसीसी के प्रवक्ता ने कहा कि विश्व क्रिकेट में लॉन्ग रूम अद्वितीय है और पवेलियन से गुजरने वाले खिलाड़ियों का विशेषाधिकार बहुत खास है। आज सुबह के खेल के बाद, भावनाएं चरम पर थीं और दुर्भाग्य से ऑस्ट्रेलियाई टीम के कुछ सदस्यों के साथ शब्दों का आदान-प्रदान हुआ।

### मामला क्या था?

एशेज टेस्ट के आखिरी दिन जॉनी बेयरस्टो और बेन स्टोक्स बल्लेबाजी कर रहे थे। इंग्लैंड का स्कोर 193 रन पर 6 विकेट था। पारी के 52वें ओवर की आखिरी गेंद थी। बेयरस्टो ने कैमरन ग्रीन के बाउंसर को नजरअंदाज कर दिया और फिर यह सोचकर क्रीज से बाहर चले गए कि अब ओवर खत्म हो गया है। तभी ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने पीछे से स्टंप्स गिरा दिए और ऑस्ट्रेलिया ने अपील की। मामला ऊपर थर्ड अंपायर के पास पहुंचा और बेयरस्टो को आउट दे दिया गया। इसके बाद इंग्लैंड के दर्शकों ने ऑस्ट्रेलियाई टीम की हूटिंग की और शायद वही हताशा ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के सामने भी आई होगी।



# अनन्या का अभी शादी को लेकर कोई प्लान नहीं

### डेटिंग की अफवाहों के बीच एक्ट्रेस ने किया यह खुलासा

**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने अपनी शादी को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। अनन्या ने अपनी शादी की प्लानिंग शेयर की है और इतना ही नहीं एक्ट्रेस ने अपनी डाइट प्लानिंग भी शेयर की है। एक इंटरव्यू में अनन्या पांडे ने अपनी शादी के प्लान के बारे में बात की।



उन्होंने कहा कि वह शादी करने के लिए अभी बहुत छोटी हैं। साथ ही अनन्या ने बताया कि उनका अभी शादी को लेकर कोई प्लान नहीं है। अपनी फिटनेस के बारे में बताते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हे वर्कआउट करना बिल्कुल पसंद नहीं है इसलिए वह वजन कम करने के लिए कम खाती हैं। हालांकि अपने फैंस और फॉलोअर्स की चिंता होने पर अनन्या ने कहा कि कम खाना हेल्थ के लिए अच्छा नहीं होता है। इंसान को दिल खोलकर खाना चाहिए और वो वर्कआउट करना चाहिए जो उन्हें बेहद पसंद हो।

बता दें कि इन दिनों अनन्या पांडे अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। खबरों कि माने तो कहा जा रहा है कि अनन्या और आदित्य रॉय कपूर एक दूसरे को डेट कर रहें हैं। दोनों को कई बार एक साथ देखा गया है जिसके बाद से दोनों के रिलेशनशिप की खबरें आने लगी थीं। हालांकि अभी तक दोनों में से किसी ने भी डेटिंग की खबरों पर चुप्पी नहीं तोड़ी है। अब इसी के चलते अनन्या ने कुछ ऐसा बोल दिया है जिसे सुनकर कपल के फैंस बेहद खुश हैं।

# हर हिट फिल्म के लिए कार्तिक को मिलती है कार

### किआरा आडवाणी ने किया बड़ा खुलासा!

**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्ट्रेस किआरा आडवाणी ने खुलासा किया कि फिल्म सत्य प्रेम की कथा के निर्माता कार्तिक आर्यन को बॉक्स ऑफिस पर हर हिट के लिए एक नई कार उपहार में देते हैं और उनका रिएक्शन आपको हंसा-हंसा कर लोटपोट कर देगी। एक इंटरव्यू में, किआरा आडवाणी ने कार्तिक की टी-शर्ट की ओर इशारा किया, जिस पर एक कार छपी थी और कहा, यह एक संकेत है। क्योंकि आप सही जानते हैं, जब भी कार्तिक की फिल्म ब्लॉकबस्टर होती है, तो उनके निर्माता उन्हें एक कार उपहार में देते हैं। इस पर कार्तिक आर्यन ने मजेदार जवाब देते हुए कहा, इसलिए मेरा नाम कार-टिक है।कार्तिक आर्यन ने आगे खुलासा किया कि भूषण कुमार ने उन्हें भूल भुलैया 2 की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद एक कार गिफ्ट में दी थी और अपनी टी-शर्ट पर कार प्रिंट की ओर इशारा करते हुए कहा, मुझे उम्मीद है कि सत्य प्रेम की कथा की सफलता के बाद मुझे यह कार मिलेगी। आपको बता दें कि भूल भुलैया 2 के ब्लॉकबस्टर बनने के बाद, कार्तिक आर्यन ने अपने इंस्टाग्राम पर भूषण कुमार ने उपहार में दी गई अपनी नई कार की तस्वीरें प्रशंसा के प्रतीक के रूप में साझा कीं। भूषण ने उन्हें मैकलेरन जीटी तोहफे में दी, जिसकी कीमत 4.7 करोड़ रुपये है। तस्वीर शेयर करते हुए एक्टर ने लिखा, चाइनीज खाने के लिए नई टेबल गिफ्ट मिल गई मेहनत का फल मीठा होता है सुना था..इतना बड़ा होगा नहीं पता था भारत का पहला मैकलेरन जीटी अगला गिफ्ट प्राइवेट जेट सर, आभार।समीर विदवान्स की निर्देशित, सत्यप्रेम की कथा में कार्तिक आर्यन और किआरा आडवाणी के साथ-साथ सुप्रिया पाठक, गजराज राव और रितु शिवपुरी भी शामिल हैं। फिल्म 29 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। बता दें कि कार्तिक आर्यन और किआरा आडवाणी की ब्लॉकबस्टर जोड़ी अपनी फिल्म सत्य प्रेम की कथा के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने और उनका दिल जीतने में कामयाब रही है। फिल्म को सिनेमाघरों और सोशल मीडिया पर पॉजिटिव एक्शन मिल रहे हैं। लोग किआरा और कार्तिक की केमिस्ट्री तारीफ कर रहे हैं।



# एक्ट्रेस चाहत पांडेय ने थामा आप का दामन

### कई टीवी सीरियल्स में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस

**मुंबई (ईएमएस)।** छोटे परदे की एक्ट्रेस चाहत पांडेय ने अब एक्टिंग से राजनीति की दुनिया में एंट्री कर ली है। एक्ट्रेस ने आम आदमी पार्टी ज्वॉइन कर ली है। पार्टी के महासचिव और राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने उन्हें पार्टी की सदस्यता की शपथ दिलाई और एक्ट्रेस मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी का प्रचार करेंगी। चाहत पांडेय के पार्टी में शामिल की तस्वीरें आम आदमी पार्टी ने अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर की हैं। इस दौरान एक्ट्रेस पिंक सूट के साथ सिर पर आप की टोपी और गले में साफा लिए नेता लुक में नजर आई। एक्ट्रेस की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। काम की बात करें तो चाहत पांडेय ने 17 साल की उम्र में टीवी शो पवित्र बंधन से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की। इसके बाद वह तेनाली रामन, राधा कृष्णन, सावधान इंडिया, नागिन-2, दुर्गा-माता की छाया, अलादीन और क्राइम पेट्रोल सहित कई सीरियल्स में नजर आई। फिलहाल वह टीवी शो नथ जेवर या जंजीर में महुआ का किरदार निभा रही हैं। बता दें कि चाहत पांडेय हमारी बहू सिल्क और पवित्र रिश्ता जैसे टीवी सीरियल्स में नजर आ चुकीं है। टीवी की लोकप्रिय अभिनेत्री के रुप में उन्होंने घर-घर में अपनी पहचान बना ली है।





# जैकलीन फर्नांडिस ने खरीदा सुपर लग्जरी फ्लैट, ट्रोलर्स करने लगे ऐसे-ऐसे कमेंट्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड की खूसबूरत एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस कभी अपनी खूबसूरती तो कभी अपनी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस के चाहने वालों की कमी नहीं है। लोगों को एक्ट्रेस का स्टाइल और अंदाज काफी पसंद हैं। हाल में ही जैकलीन फर्नांडिस ने एक सुपर लग्जरी फ्लैट खरीदा है, जिसकी खूब चर्चा हो रही है। जैकलीन के फ्लैट खरीदने के बाद से ट्रोलर्स के कान खड़े हो गए हैं और वो एक्ट्रेस को खूब खरी खोटी सुना रहे हैं।

### लोगों ने किया बुरी तरह ट्रोल

जैसे ही सोशल मीडिया पर जैकलीन फर्नांडिस के घर खरीदने की खबर वायरल हुई एक्ट्रेस को बुरी तरह ट्रोल किया जाने लगा। लोग कहने लगे कि एक्ट्रेस को ये फ्लैट जेल में बैठे कॉनमैन सुकेश चंद्रशेखर ने गिफ्ट में दिया है। ऐसे कमेंट करने वाले कोई एक-दो लोग नहीं बल्कि कई लोग हैं। एक ने कमेंट में लिखा, जेल से सुकेश की कृपा का नतीजा है। वहीं एक ने लिखा, जेल से सुकेश का नया गिफ्ट है। एक ट्रोलर ने लिखा, कॉन कॉन ने फ्लैट खरीदने के लिए पैसे दिए हैं, ये तो बताओ। इस तरह के कमेंट्स का ढेर लगा हुआ है।

### क्यों ट्रोल हो रहीं एक्ट्रेस


बता दें, जैकलीन फर्नांडिस ने मुंबई के बैंडरा में लग्जरी फ्लैट खरीदा है, जिसकी कीमत सामने नहीं आई है। एक्ट्रेस का नाम कॉनमैन सुकेश चंद्रशेखर के साथ जुड़ा था, जिसमें दोनों के रिलेशन की बात सामने आई थी। सुकेश चंद्रशेखर 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फिलहाल जेल में हैं। वो एक्ट्रेस को कई लग्जरी गिफ्ट्स दे चुका था, जिसमें महंगे बैग्स बिल्लियां और कई गिफ्ट्स शामिल थे। यही वजह है कि इस बार भी लोग एक्ट्रेस को ट्रोल कर रहे हैं।

### इन फिल्मों में आएंगी नजर

एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस के वर्कफ्रंट की बात करें तो वैभव मिश्रा की फिल्म फतेह में दिखाई देंगी. ये एक क्राइम-एक्शन फिल्म है जिसमें उनके साथ सोनू सूद और विजय राज भी नजर आने वाले हैं। इसके अलावा वो फिल्म क्रैक-जीतेगा तो जिएगा में भी लीड रोल में नजर आएंगी।







# टेलीग्राम पर मिल रहे जॉब आफर, मिनटों में अकाउंट खाली

## जनवरी 2023 से जून तक शहर में करीब आधा सैकड़ा मामले

(सृजन शुक्ला)

**जबलपुर। टेलीग्राम एप को साइबर क्राइम के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके ज़रिए ठग आम जनता के साथ फ्रॉड करके उनका अकाउंट खाली करने का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। वर्क फ्रॉम होम, ट्रेडिंग, क्रिप्टो करेंसी, यूट्यूब चैनल को सब्सक्राइब, लाइक, शेयर का ऑफर देकर जनता के साथ ठगी की जा रही है। इसके अलावा बॉलीवुड की फिल्मों की रेटिंग देने के आड़ में भी शहर में बीस लाख तक की ठगी की गई है। शहर में अब तक जनवरी 2023 से जून तक करीब आधा सैकड़ा से अधिक मामलों की साइबर सेल को शिकायत प्राप्त हुई है।**

सबसे रोचक बात ये है कि टेलीग्राम अपनी यूजर्स की किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं देता जिसके चलते अभी तक किसी भी मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है।




### यह है नियम,,,

दो लाख से रुपए के फ्रॉड के मामले को लेकर जबलपुर रेंज का साइबर सेल कार्रवाई करता है। इसके अलावा ?2 लाख रुपए से कम के मामलों में शहर के थानों में भी शिकायत दी जा सकती है।

### इस तरह होती है ठगी,,,

टेलीग्राम में ठगों द्वारा सामान्यतः पहला टास्क तीन यूट्यूब चैनल को सब्सक्राइब करने का मिलता है। इसे पूरा करने पर सौ रुपये वर्चुअल वॉलेट में जमा होने का मैसेज मिलता है। उसे निकालने के लिए या अधिक पैसे कमाने के लिए एक टेलीग्राम से जुड़ने के लिए कहा जाता है। टेलीग्राम से जुड़ते ही उसमें कई लोगों का मैसेज दिखता है। जिसमें केवल फायदा होने की बात कही जाती है। मुनाफा देखकर लोग झांसे में आ जाते हैं। जैसे ही इस वर्चुअल वॉलेट में पैसे डाला जाता है, उसके बाद रकम बढ़कर दिखाई देने लगती है। इससे महसूस होता है कि लगाया हुआ पैसा बढ़ रहा है। उसे जब निकालने का प्रयास करते हैं, तो वह पैसा लॉक हो जाता है। इस तरह से जालसाज ठगी कर लेते हैं।

### ठगी इस तरह भी होती है

फिल्मों में रेटिंग व प्रोडक्ट की समीक्षा की आड़ में ठगी की जा रही है। टेलीग्राम के जरिए फिल्मों में रेटिंग देने के बहाने एवं ऑनलाइन शॉपिंग की साइट के जरिए सबसे ज्यादा ठगी की गई है। ?500 से पांच लाख रुपए तक का यह खेल पैसों की लालच से शुरू होता है। कुछ पैसे जमा करवा कर बॉलीवुड की फिल्मों में रेटिंग दिलवाई जाती है फिर धीरे-धीरे पीड़ितों के पैसों को वापस करते हुए विश्वास जीता जाता है। इसके बाद पुनः बड़े इन्वेस्टमेंट करवा कर पैसे डबल देने की बात करके कम से कम पांच से दस लाख इन्वेस्ट करवा लिया जाता है।

### हैवी फाइलों में भेजते हैं वायरस

टेलीग्राम में व्हाट्सएप की तरह इनक्रिप्टेड मेसेज (सूचना-सामग्री का विशिष्ट कोड में रूपांतरण) का सिस्टम नहीं है। यहां बड़ा ग्रुप बनाकर ज्यादा हैवी फाइलें भेजी जा सकती हैं। साइबर ठग इन्हीं फाइलों में वायरस भेज देते हैं जिससे ठगी की राह आसान हो जाती है। फेसबुक व व्हाट्सएप को लेकर साइबर पुलिस को आसानी से सूचनाएं मिल जाती हैं। इस एप से सूचनाएं निकलवाना मुश्किल है।



टेलीग्राम एप का इस्तेमाल बहुत सावधानीपूर्वक करें, रोजाना टेलीग्राम में लुभावने आफर के चलते शहर का एक वर्ग लाखों की ठगी का शिकार हो रहा है ?। वर्क फ्रॉम होम, फिल्म रेटिंग, होटल रैंकिंग, क्रिप्टो करेंसी, ट्रेडिंग के जरिए पैसा रिटर्न करने की लालच में यूजर्स ऑनलाइन फ्रॉड में फंस रहे हैं

**विपिन ताम्रकार**
**थाना प्रभारी, साइबर सेल**

### ये हैं केस,,,,,

**केस -1**

शहर की एक युवती से होटल के रूम की रेटिंग देने के नाम पर टेलीग्राम के जरिए संपर्क किया गया। व्हाट्सएप पर मैसेज भेज कर उसे पैसों की लालच दी गई। धीरे-धीरे पूरे देश के होटलों की रेटिंग देने के बाद युवती को कंपनी से पैसे भी वापस मिलने लगे। धीरे-धीरे युवती द्वारा 17 लाख रुपए इन्वेस्ट कर दिए गए और जब उसने पैसा वापस लेने का प्रयास किया तब तक खाता ब्लाक कर दिया गया।

**केस -2**

क्रिप्टो करेंसी की ट्रेडिंग माइनिंग कंपनी के द्वारा भी शहर के एक युवक से ठगी की गई। टेलीग्राम पर ट्रेडिंग करते हुए हुए युवक पैसा डालता गया अंततः 8 लाख की ठगी का शिकार हो गया।

# निजी वाहनों में मिले लाखों के लाइट फील्ड गन के पुर्जे

**जीसीएफ में शनिवार रात्रि को मुख्य द्वार से ले जाया जा रहा था माल**

**जबलपुर, यशभारत।** विगत शनिवार को जीसीएफ मुख्य द्वार से बाहर जाने वाले दो निजी वाहनों में जांच के दौरान बुलेरो वाहन के बोनट में चोरी कर ले जायी जा रही दो बोरियों में निर्माणी में बनने वाली लाइट फील्ड गन (एल एफ जी) में मंहगी धातुओं तांबे गन मेटल के पुर्जे निकले। जिसकी बाजार में कीमत लाखों रुपए की है। जीसीएफ प्रशासन ने सोमवार को कार्यवाही करते हुए घमापुर थाने में एफ आई आर कराते हुए निजी वाहनों के दोनों आरोपी चालकों को पुलिस के हवाले कर दिया। ज्ञात हो कि शनिवार को रात सवा आठ बजे ठेके पर लगे दो बुलेरो वाहन चालक वाहन क्रमांक एम पी 20 टीए 1907 एवं एम पी 20 टी 9987 के चालक माइकल जोन और अमीश झिमिया वाहन को लेकर बाहर जा रहे थे। तब रूटीन के तहत सुरक्षा दरबानों ने अचानक वाहनों के बोनट खुलवाये तो दोनों वाहनों में धातुओं से भरी एक एक बोरी मिली। तत्काल निर्माणी के आर्डरली आफीसर (व्यवस्था अधिकारी) को सूचित किया। उन्होंने मौके पर पहुंच कर दोनों बोरियां जप्त करते हुए उन्हें कमरे में रखकर सील करा दिया। चूंकि दूसरे दिन रविवार होने से कार्यवाही लंबित रही। सोमवार को जीसीएफ प्रशासन ने कार्यवाही के बाद मामले की एफ आई आर घमापुर थाने में दर्ज कराई और आरोपी ड्रायवरों को पुलिस को सौंप दिया। बताया जाता है कि दोनों बोरियों की तौल करने पर गन मेटल, तांबा आदि के लाइफ फील्ड गन के 55किलो पुर्जे निकले। सूत्रों के अनुसार कबा?ियों के लिए उक्त माल चंद रुपयों का हो लेकिन गनों के पुर्जों की बाजार में कीमत लाखों रुपए की है।

## हमला करने वाले 6 आरोपियों को 2-2 साल का सश्रम कारावास


**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष राकेश चक्रवर्ती पर हमला करने वाले 6 आरोपियों पर 14वां अपर सत्र न्यायाधीश जबलपुर की कोर्ट ने 5-5 हजार रुपए का अर्थदंड लगाते हुए 2 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार विगत 6 दिसंबर 14 को अधारताल निवासी मुकेश चौधरी, राकेश चौधरी, अजय सिंह ठाकुर, आर्यन नेमा, ऋषभ साहू, पवन कुशवाहा ने राकेश श्रीवास्तव के उपर चाकू व बेसबॉल के डंडे से हमला किया गया था जिसकी रिपोर्ट अधारताल थाना में दर्ज कराई गई थी। पीड़ित की ओर से शासकीय अधिवक्ता भुवनेश्वर सिंह ठाकुर ने पैरवी की है।

# स्कूल बस ने मारी बाइक सवार बुजुर्ग को टक्कर, हालत गंभीर

**जबलपुर, यशभारत।** गोरखपुर थाना अंतर्गत स्कूल बस से बुजुर्ग का एक्सीडेंट का मामला सामने आया है जहां बुजुर्ग नर्मदा दर्शन करने ग्वारीघाट जा रहा था जिसके बाद रामपुर चौक में स्कूल बस ने मोटरसाइकिल सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी और बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्रेमचंद गुप्ता जिनकी उम्र 55 वर्ष है यह रोजाना अपने निवास से नर्मदा दर्शन करने ग्वारीघाट जाते हैं।



प्रेमचंद गुप्ता रोज की तरह आज निवास स्थान से ग्वारीघाट के लिए जैसे ही रामपुर चौक पहुंचे वहां पोद्दार इंटरनेशनल स्कूल की बस द्वारा प्रेमचंद को टक्कर मार दी गई। टक्कर लगने के उपरांत मोटरसाइकिल चालक उसी स्थान पर गंभीर रूप से घायल हो गया इस दुर्घटना को देखकर भारी संख्या में लोग उपस्थित हो गए और जमकर हंगामा मच गया जिसके बाद मौजूदा लोगों ने घायल प्रेमचंद को तुरंत भंडारी अस्पताल पहुंचाया जहां पर उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। मामला बढ़ने के पूर्व ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और पुलिस द्वारा बस चालक को गिरफ्तार करते हुए थाने ले आया गया। मामले को जांच में लेकर पुलिस द्वारा बस चालक के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।




## घर में घुसकर मारपीट करने के दोषी को 1 साल की कैद

**जबलपुर, यशभारत।** प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट पाटन की अदालत ने रात में घर में घुसकर मारपीट करने वालें को दोषी पाते हुए 1 साल की सजा सुनाई है। अभियोजन के मुताबिक फरियादी गीता बाई झारिया के घर में ग्राम जटासी का अन्नू बर्मन जबरदस्ती घर में घुसा और अपने साथ ले जाने लगा, उसने विरोध किया तो दृष्टिबाधित उसका पति उठा और पति ने उसे बचाने का प्रयास किया, इस दौरान अन्नू बर्मन ने गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी और हाथ में काट दिया। पुलिस ने धारा 456, 324 के तहत मामला दर्ज कर मामला न्यायालय में पेश किया। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी भगवानदास पटेल के द्वारा मामले में पैरवी की गई। जिनके तर्कों से सहमत होकर न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराया और 1 साल की कैद व 500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

## जबलपुर में देर रात 132 केवी ब्रेकडाउन

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर में देर रात 132 केवी ब्रेकडाउन होने की वजह से विजय नगर रांझी बिलपुरा, स्नेह नगर, मानेगांव सहित करीब आधे शहर की बिजली सप्लाई ठप्प रही। जिसके चलते उमस भरी गर्मी में लोग परेशान होते रहे तो वहीं, विद्युत विभाग के कर्मी देर रात बाधित बिजली सप्लाई को शुरु करने प्रयासरत रहे। शहर में रात 10 बजे से अलसुबह 4 बजे तक अनेक जगहों में बिजली सप्लाई ठप्प रही। विद्युत अधिकारियों ने बताया कि व्हीएफजे 132 केवी ब्रेकडाउन और जंफर आउट होने की वजह से यह स्थिति आई। जिसका कार्य अलसुबह तक चलता रहा। इस दौरान लोगों ने करवटें बदलते हुए रात गुजारी। अधिकारियों की मानें तो आगे यह स्थिति ना आए इसके लिए प्रयास जारी है।

## श्री जवाहरलाल अग्रवाल (सन्तोष भैया) पंच तत्व में विलीन

जबलपुर, यशभारत। रागनी ट्रेडर्स के संचालक पंकज अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल के पिता एवं आर. डी. एन्ड सन्स दीक्षितपुरा के संचालक सुरेन्द्र अग्रवाल, सतीश अग्रवाल एवं संदीप जैन (गुड्डा) के अग्रज श्री जवाहरलाल (सन्तोष भैया) का 79 वर्ष की आयु में देवलोक गमन हो गया है, अंतिम यात्रा निज निवास पंचमुखी शिव हनुमान मंदिर के पास साकेत नगर से रानीताल मुक्तिधाम पहुंची जहां समाज के सभी वर्ग के लोगों ने सम्मिलत होकर दिवंगत भैया जी को नम आंखों से अंतिम विदाई दी।













































स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स 68/1 लक्ष्मीपुर, विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक राजीव उपाध्याय, संपादक अम्बरीष तिवारी*, सलाहकार संपादक श्याम कटारे RNI No. MPHIN/2007/18675। फोन-2643333 email - jabalpur@yashbharat.com। (*पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)